निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

RNI No. DELHIN/2005/15378 | DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 | वर्ष-01 | मंगलवार 04 अक्टूबर 2022 | पीडीएफ अंक-167 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क

## मौसम

अधिकतम –33 सूर्योदय – 6 : 15
न्यूनतम – 24 सूर्यास्त – 6 : 03

## सोना चांदी


सोना – 52060.00 प्रति 10 ग्र चांदी – 56900.00 किलो

## अर्थसार

सैंसेक्स –56788.81 निफ्टी – 16887.35
रु/यूएस डॉलर – 81.78 रु/यूरो – 79.93

## न्यूज फ्लैश

### शारदीय नवरात्रि में अब तक 2.95 लाख श्रद्धालुओं ने माता वैष्णो देवी के किए दर्शन



**उधमपुर/कटडा।** इस साल शारदीय नवरात्रि में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मां भगवती के दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा है। आठवें नवरात्रि तक 2.95 लाख भक्तों ने मां वैष्णो देवी के दरबार में नमन कर आशीर्वाद किया है। पंजीकरण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार इस साल पहली नवरात्रि के दिन 42 हजार, दूसरे नवरात्रि पर 38 हजार 216, तीसरे नवरात्रि पर 34 हजार 115 श्रद्धालुओं ने वैष्णो देवी दरबार में हाजिरी लगाई। इसी तरह गुरुवार को 34 हजार व शुक्रवार को 31 हजार 900 हजार, छठी नवरात्रि शनिवार को 43 हजार 450 और रविवार को 43 हजार श्रद्धालुओं ने वैष्णो देवी माता के दर्शन किए। सोमवार को खबर लिखे जाने तक 30 हजार के करीब श्रद्धालुओं ने आरएफआईडी यात्रा पंजीकरण हासिल कर वैष्णो देवी भवन की ओर प्रस्थान कर चुके थे। यात्रा पंजीकरण के लिए लोगों की लाइनें लगी थीं।अनुमान है कि इस बार नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं का आंकड़ा तीन लाख के भी पार हो जाएगा। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए श्राइन बोर्ड प्रशासन ने वैष्णो देवी भवन सहित यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर प्रकार के उचित प्रबंध किए हैं।

### अभिनेता पंकज त्रिपाठी होंगे भारत निर्वाचन आयोग के आइकन




**नई दिल्ली।** बिहार राज्य निर्वाचन आयोग के स्टेट आइकन अब भारत निर्वाचन आयोग के आइकन होंगे। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि अभिनेता पंकज त्रिपाठी नागरिकों के साथ सहज संवाद स्थापित करते हैं। पंकज त्रिपाठी के इसी अंदाज से देश के ज्यादा से ज्यादा नागरिक मतदान के लिए प्रेरित होंगे। अभिनेता पंकज त्रिपाठी अभी बिहार के निर्वाचन आइकन हैं। इस मौके पर अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने निर्वाचन आयोग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मतदान करना नागरिकों की जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि उन्हें इससे सम्मान भी मिलता है। पंकज त्रिपाठी ने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा कि योग्य नागरिकों को मतदान करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में तो लोग बढ़चढ़ कर वोट डालने जाते हैं लेकिन शहरों में मतदान को लेकर उत्साह कम दिखाई देता है। कुछ लोगों की असहमति से भी सरकार बनेगी तो बेहतर यही है कि सभी लोग अपना मतदान करें और अपनी सरकार का चयन करें। यह नागरिकों की जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि इससे उन्हें सम्मान भी मिलता है।

### बसपा में साइड लाइन नेता दूसरे सियासी दलों में जाकर बन रहे गेमचेंजर

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में कभी दलितों की मसीहा कहलाने वाली बसपा सुप्रीमो मायावती भले ही राजनीतिक रूप से हाशिए पर खड़ी हों, पर बसपा बैकग्राउंड वाले नेताओं का कांग्रेस से लेकर बीजेपी और सपा में दबदबा दिख रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर बृजलाल खाबरी के साथ-साथ छह प्रांतीय अध्यक्ष की नियुक्त की गई है। यूपी संगठन के कायाकल्प के लिए कांग्रेस हाईकमान ने बसपा छोड़कर कांग्रेस में आए नेताओं पर भरोसा जताया है। ऐसे में सवाल उठता है कि बसपा नेताओं को कांग्रेस, सपा और बीजेपी भी क्यों हाथों-हाथ ले रही हैं? उत्तर प्रदेश कांग्रेस को छह महीने के बाद दोबारा से प्रदेश अध्यक्ष मिला है, लेकिन इस बार पार्टी ने साथ ही छह अन्य प्रांतीय अध्यक्ष बनाकर सियासी समीकरण साधने का दांव चला है। कांग्रेस ने बृजलाल खाबरी को उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष की कमान सौंपी है तो उनके साथ नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, अजय राय, वीरेंद्र चौधरी, अनिल यादव और योगेश दीक्षित को प्रांतीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रांतीय अध्यक्ष के अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस ने प्रदेश संगठन की कमान बसपा और दूसरे दलों से आए नेताओं को अहमियत दी है। प्रदेश अध्यक्ष बने पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी और प्रांतीय अध्यक्ष के तौर पर नियुक्त किए गए नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, वीरेंद्र चौधरी और अनिल यादव कभी बसपा में हुआ करते थे। प्रांतीय अध्यक्ष बने अजय राय का सियासी बैकग्राउंड बीजेपी और सपा का रहा है जबकि योगेश दीक्षित ही खांटी कांग्रेसी हैं। बृजलाल खाबरी कांशीराम के करीबी नेता रहे हैं तो नसीमुद्दीन सिद्दीकी और नकुल दुबे को मायावती का राइटहैंड माना जाता था। इस तरह से कांग्रेस ने बसपा नेताओं के जरिए दलित-मुस्लिम-ब्राह्मण-कुर्मी-यादव कैंबिनेशन बनाने की कवायद की है।

## गांधी जी की तपोभूमि पर आकर मुझमें अवर्णनीय श्रद्धा और प्रेरणा का संचार हुआ है: राष्ट्रपति



**अहमदाबाद।** राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद सोमवार को पहली बार गुजरात के दौरे पर आईं राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने अपने दौरे का आरंभ अहमदाबाद में गांधी आश्रम जाकर किया। राष्ट्रपति ने भारत के स्वाधीनता संग्राम के केंद्र और महात्मा गांधी की कर्मभूमि साबरमती आश्रम की भूमि में गांधी वंदना कर धन्यता का अनुभव किया। राष्ट्रपति ने साबरमती आश्रम पहुंचकर सबसे पहले आश्रम परिसर में स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति के गांधी आश्रम के इस दौरे के दौरान राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल उनके साथ मौजूद रहे। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महात्मा गांधी के जीवन और स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्ष को दशार्ने वाली आर्काइव प्रदर्शनी को देखने के साथ ही बृहद आश्रम रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के मॉडल को देख उस संबंध में जानकारी हासिल की। राष्ट्रपति महात्मा गांधी के निवास स्थान हृदय कुंज गईं और गांधी जी के चित्र को सूत की माला पहनाकर वंदना की। उन्होंने गांधी आश्रम में चरखा भी चलाया राष्ट्रपति ने साबरमती आश्रम के अपने दौरे के अनुभव और अनुभूति को आगंतुक पुस्तिका में दर्ज किया।

राष्ट्रपति ने लिखा कि, साबरमती के संत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की इस पवित्र तपोभूमि पर आकर मुझमें अवर्णनीय श्रद्धा और प्रेरणा का संचार हुआ है। लंबे समय तक स्वाधीनता संग्राम का केंद्र रहे इस परिसर में मुझे गहन शांति का अनुभव हो रहा है। इस परिसर में पूज्य बापू के असाधारण जीवन वृत्त की अनमोल विरासत को प्रशंसनीय तरीके से सहेजकर रखा गया है। इसके लिए मैं साबरमती आश्रम की देखरेख करने वाले सभी लोगों के प्रति मेरी प्रशंसा अभिव्यक्त करती हूं। साबरमती आश्रम ट्रस्ट के अग्रणी अमृतभाई मोदी, नितिन शुक्ल, जयेश पटेल तथा अतुल पंड्या ने राष्ट्रपति को गांधी आश्रम और रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी दी। राष्ट्रपति के गांधी आश्रम के दौरे के समय मुख्य सचिव पंकज कुमार, अहमदाबाद जिला कलक्टर संदीप सागले, पुलिस आयुक्त संजय श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## ऑक्सीजन प्लांट और कंसंट्रेटर में अरबों रुपए बर्बाद

**नई दिल्ली।** कोरोना संक्रमण के समय मरीजों को प्राणवायु देने के लिए आनन-फानन में अरबों रुपए के ऑक्सीजन कंसंट्रेटर सारे देश में खरीदे गए। जो अब हर अस्पताल में अब कबाड़ हो रहे हैं। इन कंसंट्रेटर का क्या उपयोग किया जाए। इसको लेकर भी केंद्र तथा राज्य सरकारों ने कोई नीति नहीं बनाई है। हर अस्पताल में करोड़ों रुपए के कंसन्ट्रेटर कबाड़ में पड़े हुए हैं। इसी तरह अरबों रुपए के ऑक्सीजन प्लांट अस्पतालों में लगाए गए थे।एयर ऑक्सीजन वाले प्लांट देशभर में बड़ी मात्रा में लगाए गए हैं। इनका बिजली का बिल इतना ज्यादा है, कि इसका उपयोग ऑक्सीजन के लिए नहीं हो रहा है। जिन अस्पतालों में ऑक्सीजन की खपत ज्यादा नहीं है। वहां पर भी इनका उपयोग नहीं हो पा रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकारों के साथ-साथ निजी संस्थानों के अरबों रुपए एयर ऑक्सीजन प्लांट में खर्च हो गए। करोड़ों रुपए की सब्सिडी सरकार ने दी। यह भी कबाड़ हो रहे हैं। कोरोना संक्रमण के काल के दौरान आपदा को अवसर मानकर 1 रुपए की चीज 4 रुपए में खरीदी गई। सामान,आया या नहीं आया,यह भी पता नहीं। अरबों खरबों रुपएकागजों में खर्च हो गए। कोरोना संक्रमण खत्म होने के बाद कंसंट्रेटर का उपयोग गांव गांव तक मैं ऑक्सीजन की सप्लाई या एंबुलेंस में ऑक्सीजन उपलब्ध कराने के लिए, जिन कंसंट्रेटर का उपयोग हो सकता है। उसके लिए भी सरकार ने कोई नीति नहीं बनाई है। केंद्र और राज्य सरकार को इसमें जैसे कोई रुचि ही ना हो। जल्दबाजी में सारे देश में अरबों

● ....शेष भाग पेज 3 पर


## महिला के साथ घरेलू हिंसा पर डीसीडब्ल्यू ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने इंस्टाग्राम पर एक महिला के साथ घरेलू हिंसा का वीडियो वायरल होने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को एक पत्र लिखा है। एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के ऊपर निर्मम रूप से घरेलु हिंसा करते हुए वीडियो को देखकर स्वाति मालीवाल ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया। यह वीडियो कर्नाटक के बेंगलुरु का बताया जा रहा है। डीसीडब्ल्यू के अनुसार, वीडियो में एक महिला और एक बच्चे को जन्मदिन की पार्टी मनाते हुए देखा जा सकता है, तभी वह आदमी अपनी पत्नी पर चिल्लाना शुरू कर देता है और उसके साथ बेरहमी से मारपीट करने लगता है। वीडियो में देखा जा सकता है कि बच्चा अपनी मां को पिता द्वारा पिटते देखकर वह भी अपनी मां की पिटाई करने लगता है। पिता द्वारा मां को मारने का नकारात्मक प्रभाव बच्चे पर देखा जा सकता है, जो इस कम उम्र में न केवल हिंसा के संपर्क में था, बल्कि शायद इसे सामान्य और जरुरी मानने लग रहा था। वीडियो में दावा किया गया है कि वह व्यक्ति बैंगलोर में एक आईटी कंपनी में काम करता है और वहां रहता है। इसके अलावा पत्नी द्वारा सोशल मीडिया पर एक नया वीडियो पोस्ट किया गया है, जिसमें उसने कहा है कि वह पिछले कुछ सालों से अपने पति से अलग रह रही है। उसने बताया है कि उसने अपने पति के खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला दर्ज किया है, लेकिन उसने आरोप लगाया है कि पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की और उसके पति को कभी गिरफ्तार नहीं किया गया। इसके अलावा उसने बताया कि उसके पति ने उसे तलाक देने से भी इनकार कर दिया है जबकि उसने दूसरी शादी कर ली है और उसको

● ....शेष भाग पेज 3 पर

## मुनुगोडे विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में 3 नवंबर को होगा मतदान, राजनीतिक सरगर्मियां तेज



**हैदराबाद।** चुनाव आयोग ने छह राज्यों की सात विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव नवंबर में कराने की घोषणा की है। इनमें तेलंगाना के नालगोंडा जिला की मुनुगोडे विधानसभा सीट भी शामिल है। यहा 3 नवंबर को उपचुनाव के लिए मतदान कराया जाएगा और 6 नवंबर को मतगणना होगी। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार तेलंगाना के मुनुगोडे विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए 7 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी और 3 नवंबर को मतदान होगा और 6 नवंबर को मतगणना होगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि नवंबर 8 तक इस पूरे की चुनाव की प्रक्रिया समाप्त होगी। मुनुगोडू विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के कोमाटी रेड्डी राजागोपाल रेड्डी ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इसलिए इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है। मुनुगोडू विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की घोषणा होते ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। यहां सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति, कांग्रेस और भाजपा के बीच रोचक मुकाबला होने के आसार हैं। सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति ने इस उपचुनाव के प्रचार अभियान को दशहरे के दिन 5 अक्टूबर से शुरू करेगी। इस अभियान में मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव के भी पहुंचने की संभावना है। इस उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी कमर कस ली है। भाजपा नेता

● ....शेष भाग पेज 3 पर

## मैंने प्रोफेशनल्स कांग्रेस के प्रमुख पद से इस्तीफा दे दिया : शशि थरूर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस में शीर्ष अध्यक्ष पद के चुनाव की बढ़ती गहमागहमी के बीच प्रत्याशी शशि थरूर ने सोमवार को कहा कि उन्होंने पिछले महीने ही पार्टी से संबद्ध संगठन अखिल भारतीय प्रोफेशनल्स कांग्रेस के प्रमुख के पद से इस्तीफा दिया है। माना जा रहा है कि पार्टी में एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत के तहत उन्होंने यह जिम्मेदारी छोड़ी है। थरूर ने ट्वीट किया, जो सवाल कर रहे हैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मैंने प्रोफेशनल्स कांग्रेस अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा पिछले महीने कांग्रेस अध्यक्ष को सौंप दिया। उनके प्रतिद्वंद्वी मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी गत 30 नवंबर को अपने नामांकन वाले दिन ही राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष से इस्तीफा दिया था। खड़गे और थरूर कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में उम्मीदवार हैं। यदि पार्टी के इन दोनों नेताओं में से कोई भी अपना नामांकन वापस नहीं लेते हैं, तो 17 अक्टूबर को मतदान होगा, जिसमें 9,000 से अधिक डेलीगेट (निर्वाचक मंडल के सदस्य) मतदान करेंगे। मतगणना 19 अक्टूबर को होगी। वैसे थरूर ने स्पष्ट कर दिया है कि वह चुनाव लड़ेंगे।

## कोलकाता में हिंदू महासभा के दुर्गा पंडाल में असुर की जगह महात्मा गांधी की मूर्ति लगाई, केस दर्ज



**कोलकाता।** हिंदू महासभा ने कोलकाता में दुर्गा पूजा के अपने पंडाल में सत्य, अहिंसा जैसे अपने अतुल्य आदर्शों के लिए पूजे जाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को असुर की जगह दिखाया है। इसे लेकर चौतरफा निंदा हो रही है। कोलकाता पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। कोलकाता पुलिस के संयुक्त आयुक्त (अपराध) मुरलीधर शर्मा ने सोमवार को बताया कि कस्बा थाने में प्राथमिकी दर्ज कर इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है। बताया गया है कि दक्षिण कोलकाता के रूबी बाईपास इलाके में हिंदू महासभा के दुर्गा पूजा पंडाल में असुर की जगह चश्मा और नंगे सिर वाले शख्स को दिखाया गया है, जो हाथों में लाठी लिए हुए हैं। मूर्ति पूरी तरह से महात्मा गांधी से मिल रही है, जिसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कोलकाता पुलिस से कार्रवाई की मांग लगातार की जा रही थी। विवाद बढ़ने के बाद सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि महात्मा गांधी को लेकर यह कृत्य दिखाता है कि यह कैसी विचारधारा के लोग हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को भी इस मामले में घसीटा है और इस पर जवाब मांगा है। हालांकि भाजपा ने इस कृत्य की निंदा की है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा है कि महात्मा गांधी को असुर की जगह दिखाना बेहद आपत्तिजनक है। ऐसा बिल्कुल नहीं किया जाना चाहिए। इस संबंध में पूजा आयोजक समिति के सदस्य और हिंदू महासभा के पश्चिम बंगाल कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रचूड़ गोस्वामी ने कहा कि यह महज एक संजोग है कि महात्मा गांधी से असुर की तस्वीर मिल रही है। हालांकि पुलिस के कहने के बाद हमने मूर्ति में बदलाव कर दिया है। फिलहाल जो मूर्ति है, उसमें असुर के सिर पर बाल और मूंछें लगाई गई हैं। साथ ही उसके हाथ में ढाल है, जो बापू के हाथ में नहीं थी। चंद्रचूड़ ने कहा कि आजादी के समय महात्मा गांधी को उनकी भूमिका के लिए हमेशा आलोचना किया जाना चाहिए। हम स्वीकार करते हैं कि असुर की जगह महात्मा गांधी जैसे दिखने वाले

● ....शेष भाग पेज 3 पर

**Vacancy**

ब्यूरो चीफ
डिप्टी ब्यूरो चीफ
रिपोर्टर



दिल्ली क्राइम प्रेस के राष्ट्रीय अखबार से जुड़कर बने अपने जिले के समाचार और विज्ञापन प्रभारी।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें +91 83750 00984

## 1 दिसंबर से बदलेंगे पैकेजिंग के नियम

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता मंत्रालय ने खाने पीने से जुड़े सभी उत्पाद की पैकेजिंग को लेकर नया नोटिफिकेशन जारी किया है। नोटिफिकेशन के नए नियम 1 दिसंबर 2022 से लागू होंगे। केंद्र सरकार ने लीगल मेट्रोलॉजी पैकेट कमोडिटी रूल्स में बड़ा बदलाव किया है। दूध,चाय, बिस्कुट, खाद्य तेल,आटा,बोतलबंद पानी, पेय पदार्थ, बेबी फूड, अनाज, सीमेंट बैग, ब्रेड और डिटर्जेंट जैसे 19 आइटम में बदलाव किए गए हैं। नई अधिसूचना के अनुसार अब पैकेट पर मैन्युफैक्चरिंग डेट के साथ मैन्युफैक्चरिंग ईयर के बारे में भी जानकारी देना होगी। आयातित सामान में आयात की जानकारी देना होगी। नए नियमों के अनुसार मानक से कम वजन है, तो प्रति ग्राम या मिली मीटर के हिसाब से दाम लिखना होगा। पैकेट में 1 किलो से ज्यादा सामान है। तो उसका रेट किलो के हिसाब से प्रिंट



करना अनिवार्य किया गया है। नए नियमों के अनुसार यदि किसी पैकेट में सामान कम किया जाता है। उसी अनुपात में उसके प्रिंट रेट घटाना होंगे।वजन के अनुसार कीमत तय करना कंपनियों के अधिकार क्षेत्र में होगा।

DELHI CRIME 4 oct 2022:Layout 1 10/3/2022 6:46 AM Page 2



# सम्पादकीय

## दिलचस्प प्रतिस्पर्धा : पॉलिटिकल...केबीसी... कौन बनेगा काँग्रेस प्रेसिडेंट...?

इन दिनों एक ओर जहां टेलीविजन पर कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) आम दर्शकों का पसंदीदा सीरियल जारी है, वहीं राजनीतिक क्षेत्र में कौन बनेगा कांग्रेस प्रेसिडेंट (केबीसीपी) लोकप्रियता अर्जित कर रहा है, दोनों ही क्षेत्रों में इस खेल के प्रति काफी दिलचस्पी है। टेलीविजन पर चल रहे केबीसी का संचालन जहां वरिष्ठ अभिनेता अमिताभ बच्चन कर रहे है वही पॉलिटिकल केबीसीपी का संचालन सोनिया गांधी के हाथों में है, ....और फिर जहां तक आम लोकप्रियता व दिलचस्पी का सवाल है, केबीसी से केबीसीपी अधिक लोकप्रियता प्राप्त कर रहा है, क्योंकि इसमें मान व सुलभ गुस्सा, माफी, गुस्ताखी आदि सभी शामिल है, इस खेल की शुरूआत राजस्थान से हुई, जिसके नायक वहां के मुख्यमंत्री अशोक गेहलोत बने, जो पहले सोनिया की पसंद बने और बाद में इस पॉलिटिकल एपीसोड के खलनायक। उन्हें अपने इस कृत्य के लिए सोनिया से काफी भी मांगनी पड़ी, इसका दण्ड उन्हें क्या मिलता है? या माफी दी जाती है, यह एक दो दिन में पता चल जाएगा। ....और फिर जहां तक देश की सबसे वयोवृद्ध पार्टी कांग्रेस का सवाल है उसके लिए ऐसे घटनाक्रम नए नहीं है पहले भी अर्जुन सिंह जैसे वरिष्ठ नेता ऐसे पॉलिटिकल ड्रामा खेल चुके है पर यहां यह जरूर उल्लेखनीय रहा है कि कांग्रेस हो या भारतीय जनता पार्टी दोनों ही राष्ट्रीय दलों में जब कोई खलबली मचती है तो उसके केन्द्र में मध्यप्रदेश अवश्य रहता है, आज से करीब तैंतीस साल पहले 1989 में जब कांग्रेस में ऐसा ही खेल खेला गया था, तब अर्जुन सिंह जी उसके नायक थे और अब जब यह केबीसीपी खेला जा रहा है तब उनके शिष्य दिग्विजय सिंह केन्द्र में है। ....अभी चाहे इस खेल की शुरूआत अशोक गेहलोत व उनके समर्थक विधायकों ने की हो किंतु इस खेल के उपसंहारक तो दिग्विजय सिंह जी है, जो संभवतः अगले एक-दो दिन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन जाएगें और फिर कांग्रेस मध्यप्रदेश पर केन्द्रित हो जाएगी। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद पहली गांधी-नेहरू परिवार से बाहर आ रहा है, इस प्रमुख प्रतिपक्षी दल पर सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा पारिवारिक दल का लांछन लगाया जाता रहा है, इसलिए इस बार पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष गांधी-नेहरू परिवार से बाहर लाया गया... और पद जब बाहर आया तो उसे हथियाने का दिलचस्प खेल शुरू हो गया, लेकिन अब गांधी-नेहरू परिवार की इस दरियदिली पर यह कहा जा रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष कापद चाहे गांधी-नेहरू परिवार से खींचकर मजबूरी में बाहर लाया गया हो, किंतु अध्यक्ष जो भी चुना जाएगा, उस पर नियंत्रण तो सोनिया-राहुल का ही रहेगा, फिर कांग्रेस परिवार से बाहर कहां आई? पार्टी पर वर्चस्व तो गांधी-नेहरू परिवार का ही रहेगा और जो भी अध्यक्ष रहेगा, उसकी भूमिका कठपुतली जैसी ही होगी, वह अपनी मर्जी से कुछ भी नहीं कर पाएगा। ....और अध्यक्ष बनाया भी उसे ही जाएगा जो जी-हुजूरी में शीर्ष स्थान पर होगा? इस प्रकार यदि यह कहा जाए कि कांग्रेस पारिवारिक वर्चस्व के नियंत्रण से बाहर आ गई तो कतई ठीक नहीं होगा? क्योंकि यदि दिग्विजय सिंह जी भी इस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाते है तो वे तो गांधी-नेहरू परिवार के पिछली तीन पीढ़ी के करीबी रहे है, इंदिरा, राजीव व अब सोनिया जी के? इसलिए कुल मिलाकर पार्टी पर कब्जा तो गांधी-नेहरू परिवार का ही रहेगा।

## बेटी तो इन स्वयंभू 'सांस्कृतिक राष्ट्रवादियों' से बचाने की जरुरत



लेखक-निर्मल रानी /ईएमएस



'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की मुहिम के झंडाबरदारों द्वारा उत्तरांचल की एक और बेटी अंकिता भंडारी की हत्या कर दी गयी। 19 वर्षीय अंकिता ऋषिकेश के लक्ष्मण झूला थाना क्षेत्र और चीला के बीच स्थित वंतरा नामक एक रिजॉर्ट में बतौर रिसेप्शनिस्ट काम करती थी। इस रिजॉर्ट का स्वामित्व भाजपा नेता और पूर्व राज्यमंत्री विनोद आर्य के बेटे पुलकित आर्य का बताया जा रहा है। आरोप है कि अंकिता की हत्या रिजॉर्ट संचालक पुलकित आर्य और रिजॉर्ट मैनेजर सौरभ और उसके एक अन्य सहयोगी रिजॉर्ट कर्मी ने कर उसकी लाश नहर में फेंक दी। हत्यारों पर आरोप है कि वे बार बार अंकिता भंडारी को अपने व अपने रिजॉर्ट के अतिथियों के साथ 'अनैतिक शारीरिक संबंध' बनाने के लिए मजबूर कर रहे थे। वे उसे वेश्यावृत्ति में धकेलना चाहते थे। परन्तु जब अंकिता ने इस काम से इंकार किया और रिजॉर्ट में चलने वाले इस धंधे की पोल खोलने की धमकी दी तो उसकी हत्या कर उसका शव ऋषिकेश-हरिद्वार मार्ग पर चीला शक्ति नहर में फेंक दिया गया। अंकिता के शव को बाद में पावर हाउस के पास नहर से बरामद किया गया। पारिवारिक व अंकिता के सहपाठी सूत्रों के अनुसार अंकिता बचपन से ही पढ़ाई-लिखाई में काफी तेज व चरित्रवान थी। 10वीं और 12वीं कक्षा में शानदार अंक हासिल करने के बाद उसने होटल मैनेजमेंट करने हेतु दाखिला लिया था। अंकिता एक गरीब परिवार की लड़की होने के नाते अपना उज्जवल भविष्य बनाकर अपने परिवार का सहारा बनना चाहती थी। परन्तु वासना के दरिंदों और अनैतिक देह व्यापार की कमाई खाने के लालची सफेद पोश स्वयंभू सांस्कृतिक राष्ट्रवादियों द्वारा उसकी हत्या कर दी गई." अंकिता की हत्या के बाद कई चौंकाने वाले तथ्यों का खुलासा हो रहा है जिनसे साफ पता चलता है कि आम भारतीय गरीब परिवार का प्रतिनिधित्व करने वाली अंकिता कितनी होनहार, चरित्रवान, पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाने का जज्बा रखने वाली तथा गरीबी में पालन पोषण होने के बावजूद अपने उज्जवल भविष्य का सपना देखने वाली सुशील युवती थी जबकि उसके हत्यारे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शाखाओं में संस्कारित,सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की कथित तौर पर घुट्टी पीने वाले तथा उत्तराखंड सरकार में पूर्व मंत्री रहे व सत्ता में ऊँचे रसूख रखने वाले नेता का पुत्र जोकि स्वयं भाजपा नेता होने के बावजूद ऋषिकेश जैसी पवित्र व धार्मिक नगरी में हिन्दू धर्म में सबसे पवित्र मानी जाने वाली गंगा नदी के पावन तट पर एक ऐसा रिजॉर्ट चलाता था जहां आम ग्राहकों से लेकर विशिष्ट अतिथियों तक को शारीरिक संबंध बनाने के लिये लड़कियां परोसी जाती थीं। गोया धर्म और संस्कृति की दुहाई देने वाले लोग गंगानगरी में भी जबरन चलाई जाने वाली वैश्यावृति की कमाई खाने जैसे अनैतिक,अमानवीय व गैर कानूनी धंधे में संलिप्त थे। बहरहाल अंकिता की हत्या में पुलकित आर्य की संलिप्तता के बाद भाजपा नेता व पूर्व राज्यमंत्री विनोद आर्य व उनके बेटे पुलकित आर्य को भाजपा ने पार्टी से निष्कासित कर पार्टी को बदनामी से बचाने का वैसा ही प्रयास किया है जैसा कि पार्टी पहले भी करती रही है। परन्तु पूर्व राज्यमंत्री विनोद आर्य की ढिटाई की भी तारीफ करनी पड़ेगी कि उन्होंने पार्टी के निष्कासन की बात से इंकार किया है और इस दुर्भायपूर्ण घटना में भी अपना राजनैतिक लाभ तलाशते हुए यह बयान दिया है कि पार्टी ने उन्हें निष्कासित नहीं किया है बल्कि उन्होंने स्वयं इसलिये त्यागपत्र दिया है ताकि इस घटना की जांच निष्पक्ष रूप से हो सके। निष्पक्ष जांच का ढोंग करने वाले इसी 'संस्कारी' पूर्व मंत्री पर उत्तरकाशी के कई पत्रकारों ने आरोप लगाया है कि अंकिता के हत्यारे का पिता व पूर्व राज्यमंत्री विनोद आर्य कथित तौर पर उन पत्रकारों को फोन पर धमका रहा है जिन्होंने इस खबर को उजागर किया और प्रमुखता से इसे रोज प्रकाशित कर रहे हैं । उत्तराखंड के कई पत्रकार संघों ने इस सम्बन्ध में राज्यपाल को ज्ञापन भी भेजा है। ज्ञापन में पत्रकार संघों ने धमकी देने वाले पर कड़ी कानूनी कार्रवाई व अपनी सुरक्षा की मांग की है। इस लोमहर्षक हत्याकाण्ड से विशेषकर उत्तराखंड सहित पूरे देश की जनता में भारी रोष व्याप्त है। कुछ प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय बीजेपी विधायक रेणु बिष्ट की गाड़ी पर भी हमला किया। देश के अनेक नगरों से अंकिता के समर्थन तथा हत्यारों के विरोध में रोषपूर्ण प्रदर्शन की खबरें आ रही हैं। गौरतलब है कि इन रोष प्रदर्शनों में नारी सम्मान के वह स्वयंभू रक्षक शामिल नहीं हैं जो झारखण्ड में कुछ दिनों पूर्व अंकिता नाम की ही एक अन्य लड़की की जघन्य हत्या के विरोध में सिर्फ इसलिये पहुंच जाते हैं क्योंकि हत्यारा धर्म विशेष से संबंधित था। और ऐसी जगहों पर पहुंच कर अपने आक्रामक भाषण देकर साम्प्रदायिकता का जहर घोलना ही इनका मुख्य मकसद है। आज अंकिता भंडारी की सिर्फ इसलिये हत्या कर दी गयी कि जिस्म फरोशी की कमाई खाने वालों की गलत बात मानने से एक गरीब चरित्रवान लड़की ने इंकार कर दिया ? आज बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारा बरदार ' मंत्री व नेता विशेषकर महिला मंत्री न जाने कहाँ अपना मुंह छुपाये बैठे हैं ? इस घटना में और भी कई तथ्यों पर से अभी पर्दा उठना बाकी है। जैसे कि किस विशिष्ट व्यक्ति का बिस्तर गर्म करने के लिये अंकिता को दस हजार रुपए की पेशकश की गयी थी? और यह भी कि बिना जांच पड़ताल पूरी किये उस रिजॉर्ट को जमींदोज किये जाने का मकसद कहीं रिजॉर्ट के काले करतूतों के सुबूत नष्ट करना तो नहीं था ? सलाम है उस अंकिता पर जिसने अपनी एक मित्र को भेजे गये व्हाट्सएप संदेश में यह लिखा कि "मैं गरीब हो सकती हूं, लेकिन मैं खुद को 10,000 रुपये में नहीं बेचूंगी।" और धिक्कार है ऐसे सफेद पोश ढोंगियों पर जो धर्म,देश,संस्कृति और नारी सम्मान की झूठी व ढोंगपूर्ण बातें तो बड़े ही जोर शोर से करते हैं परन्तु स्वयं वैश्यावृति जैसे काले धंधों में संलिप्त होकर इसी की कमाई खाते हैं? और अगर बलात्कार की शिकार लड़की किसी दूसरे धर्म की है तो इन बेशर्मों को हत्यारों व बलात्कारियों के समर्थन में खड़े होने में भी शर्म नहीं आती।बिल्कीस बानो व आसिफा जैसे कई उदाहरण देखे जा सकते हैं। अंकिता हत्याकाण्ड से एक बार फिर यही सबक मिलता है कि बेटी बचाओ के इनके झांसे में आने की नहीं बल्कि बेटी तो इन स्वयंभू 'सांस्कृतिक राष्ट्रवादियों ' से ही बचाने की जरुरत है।

## दलित अध्यापक पर जुल्म क्यों?

वाराणसी विश्वविद्यालय के दलित अध्यापक डॉ. मिथिलेश कुमार गौतम को इसलिए नौकरी से निकाल दिया गया है कि उसने एक आपत्तिजनक ट्वीट कर दिया था। क्या था, वह ट्वीट? उसमें गौतम ने लिख दिया था कि हिंदू स्त्रियां नवरात्रि के मौके पर नौ दिन उपवास रखने की बजाय संविधान और हिंदू आचार संहिता पढ़ें तो उनको गुलामी और भय से मुक्ति मिल जाएगी। गौतम के इस कथन में अतिवाद है, इसमें जरा भी शक नहीं है लेकिन उनका यह कथन अकेला होता कि हिंदू औरतें संविधान आदि पढ़ें तो उसमें कुछ भी गलत नहीं था लेकिन उन्होंने नवरात्र के उपवास का मजाक उड़ाया, यह तो आवश्यक नहीं था। इसके बिना भी वे अपनी बात कह सकते थे। ऐसा नहीं है कि उन्होंने ऊंची जातियों की स्त्रियों का ही मजाक उड़ाया है। इसमें दलित स्त्रियां भी शामिल हैं। लेकिन इस ट्वीट के कारण उन्हें नौकरी से निकाल देना तो उनकी गलती से भी बड़ी गलती है। भारत स्वतंत्र राष्ट्र है। इसमें हर नागरिक को अपने विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता है। यदि वह नवरात्रि या किसी भी प्रकार के उपवास को पाखंड मानता है तो मानता रहे। उसे मानने की भी स्वतंत्रता है और अपना विचार प्रकट करने की भी स्वतंत्रता है। यदि विश्वविद्यालय के अधिकारी उससे असहमत है तो उन्हें उसकी काट करने की भी पूरी स्वतंत्रता है। यदि वाराणसी विश्वविद्यालय के निर्णय को सही मान लिया जाए तो भारत में महर्षि दयानंद, आंबेडकर, रामास्वामी नायकर, चार्वाक आदि विचारकों की रचनाओं पर तो पूर्ण प्रतिबंध लगाना होगा। इन विचारकों ने व्रत, उपवासों के ही नहीं, बड़े-बड़े देवताओं और भगवानों के भी धुर्रे बिखेर दिए हैं। मैं स्वयं हिंदूओं और जैनों के व्रत-उपवासों, मुसलमानों के रोजो, ईसाइयों के फास्टिंग, यहूदियों के योम किप्पूर के उपवास आदि को जीवन में बहुत महत्वपूर्ण मानता हूं लेकिन यदि कोई उनसे सहमत नहीं है तो वह असहमत होने के लिए स्वतंत्र है।

## अनुभव के आधार पर होगी कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर की नियुक्ति



लेखक- सनत जैन /ईएमएस



विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने प्रोफेसर आफ प्रैक्टिस के तहत विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में प्रोफेसर की नियुक्ति को मंजूरी दी है। इसकी अधिसूचना भी जारी हो चुकी है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सरकार का यह सबसे बेहतर कदम माना जा रहा है। यूजीसी के अनुसार इंजीनियरिंग, विज्ञान, मीडिया, साहित्य,उद्यमिता, सामाजिक विज्ञान,ललित कला, सिविल एवं सैन्य सेवा के क्षेत्र में अनुभव के आधार पर अब प्रोफेसरों की नियुक्ति हो सकेगी। ज्ञान वही होता है, जो वास्तविक रूप से अर्जित किया जाता है। कागजी ज्ञान की स्थान पर वास्तविक ज्ञान हमेशा सर्वोपरि रहा है। नई अधिसूचना के अनुसार विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में अब बिना किसी अकादमिक डिग्री के प्रोफेसर की नियुक्ति हो सकेगी। विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में अब संबंधित विषय मैं 15 साल का अनुभव होना आवश्यक है। संबंधित विषय में 15 साल का स्तत अनुभव होने के बाद उन्हें किसी भी कॉलेज और विश्वविद्यालय में 3 वर्ष के लिए प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया जा सकेगा।असाधारण मामले में 1 साल की सेवा वृद्धि भी हो सकेगी। अभी प्रोफेसर बनने के लिए यूजीसी के अनुसार नेट और पीएचडी होना जरूरी था। नई अधिसूचना के बाद अब प्रोफेशनल्स को कॉलेज और विश्वविद्यालयों में छात्र छात्राओं को वास्तविक शिक्षा देने में समर्थ होंगे। आईआईटी और आईआईएम पहले से प्रोफेसर आफ प्रैक्टिस की व्यवस्था चल रही थी। इसी व्यवस्था को अब उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए लागू किया गया है। विदेशों की यूनिवर्सिटी में भी यह व्यवस्था प्रचलित है। पिछले कई दशकों से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रोफेशनल्स को धीरे-धीरे दूर कर दिया गया था।नेट की परीक्षा और पीएचडी जैसी डिग्री जरूरी हो जाने के कारण उच्च शिक्षा के छात्रों को वास्तविक शिक्षा का ज्ञान नहीं हो पा रहा था। यूजीसी के इस कदम की जितनी सराहना की जाए कम है। उच्च शिक्षा संस्थानों में 10 फीसदी पद अब प्रोफेशनल्स के लिए सुरक्षित कर दिए गए हैं।इसके कारण विश्वविद्यालयों एवं कालेजों की पढ़ाई रोजगार मूलक भी होगी। क्योंकि प्रोफेशनल का विजन हमेशा ऐसी शिक्षा होगी जो छात्र छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान के साथ अपने कार्यों को पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कर सकें।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यूजीसी ने जो निर्णय लिया है वह स्वागत योग्य है।

## जीवन में विचार की आवश्यकता

कुटिल एवं असत्य विचार से मुक्ति का सरल उपाय सुविचार की भावना दृढ़ करना है। शांतिदायक सुविचार की गंगा प्रवाहित करने पर ही हम मानसिक दुर्बलता से मुक्त हो सकते हैं। प्रत्येक विचार अंतःकरण में एक मानसिक मार्ग का निर्माण करता है। हमारी समस्त आदतें ऐसे ही मानसिक मार्ग हैं, जो लगातार एक ही प्रकार के चिंतन मनन से विनिर्मित हुए हैं। तुम मनः प्रदेश में उत्तम रचनात्मक विचार ही प्रवेश करने दो। उत्कृष्ट विचारों को ही मन मस्तिष्क पर अंकित करो। जो प्रेम, ईश्वर , नीति के विरोधी विचार हों, उन्हें निकाल फेंको। जब तुम्हारे विचारों का केन्द्र भगवान, अल्लाह, ईश्वर होंगे, तो सुनिश्चित दिशाओं में ही हृदय का विकास होगा। संसार के महापुरुषों ने जो अद्भुत कार्य किये हैं, विचार कला मर्मज्ञ के लिए उन कार्य का संपादन कदापि दुष्कर नहीं है। विचार करो कि तुम किस तत्त्व में, किस बात में, किस दशा में पिछड़ रहे हो? तुम्हारे मार्ग में कौन-कौन बाधाएं हैं? तुम गीली मिट्टी के नष्ट हो जाने वाले पुतले के सदृश, केवल देह नहीं हो। तुम अमर आत्मा हो। तुम सत्य, स्वतंत्र, शिव, कल्याण, बलवान, आनंदमय, निदरेष, स्वच्छ और पवित्र हो। तुम्हें ज्ञात होना चाहिए कि शक्ति ही जीवन है, शक्ति ही धर्म है। परमेर इस शक्ति का पुंज है। तुम परमेर के राजकुमार हो। अतएव तुम्हारी पैतृक सम्पत्ति शक्ति ही है। शक्ति तुम्हारे अंतर तथा बाह्य अंगों में पूर्णतः व्याप्त है। तुम्हारे रोम-रोम में संचार कर रही है। तुम्हारे नेत्रों में उसी शक्ति का प्रकाश है। अनंत शक्ति का विशाल समुद्र तुम्हारे पीछे है। निर्बलता, निराशा, भय तथा चिंता के संशयदायक विचार हृदय मंदिर से निकाल शक्ति के विचारों में लीन हो जाओ। परमेर ने सबको समान शक्तियां प्रदान की हैं। ईश्वर, अल्लाह के यहां अन्याय नहीं है। कितनी ही शक्तियों से कार्य न लेकर तुम उन्हें पुंठित कर डालते हो। अन्य व्यक्ति उसी शक्ति को किसी विशेष दिशा में मोड़कर उसे अधिक परिपुष्ट एवं विकसित कर लेते हैं। अपनी शक्तियों को जाग्रत, विकसित कर लेना या शिथिल पंगु बना लेना स्वयं के हाथ में है। यदि तुम मन की गुप्त महान सामथ्यरे को जाग्रत कर लो और लक्ष्य की ओर प्रयत्न और उत्साहपूर्वक अग्रसर होना सीख लो तो जैसा चाहो आत्म निर्माण कर सकते हो। मनुष्य के मन में जिन महत्वाकांक्षाओं का उदय होता है और जो-जो आशापूर्ण तरंगें उदित होती हैं, वे अवश्य पूर्ण हो सकती हैं, यदि वह दृढ़ निश्चय द्वारा अपनी प्रतिभा जगा लें।

## कृषि क्षेत्र में उत्पन्न हो रहे हैं रोजगार के नए अवसर



लेखक- प्रहलाद सबनानी ( ईएमएस)

भारत में लगभग 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामीण इलाकों में निवास करती है। इसलिए यह बहुत आवश्यक है कि रोजगार के अधिक से अधिक अवसर भी गावों में ही निर्मित होने चाहिए, अन्यथा गावों से शहरों की ओर नागरिकों का पलायन जारी रहेगा और शहरों पर जनसंख्या का दबाव बढ़ता रहेगा। केंद्र सरकार की सफल आर्थिक नीतियों के चलते अब ग्रामीण इलाकों में भी बेरोजगारी की दर लगातार कम हो रही है, क्योंकि अब ग्रामों में भी रोजगार के अवसर अधिक संख्या में निर्मित हो रहे हैं। भारत में आज न केवल दुग्ध क्रांति हुई है बल्कि कृषि एवं परिष्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात भी बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। भारत आज दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो गया है। भारत में करीब 8 करोड़ परिवार दुग्ध उत्पादन और इसके व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। देश में प्रति वर्ष लगभग 9.5 लाख करोड़ रुपए की कीमत का दूध का उत्पादन होता है। 1974 में भारत सिर्फ 2.3 करोड़ टन दूध का उत्पादन करता था, जो हमारी घरेलू जरूरतों से भी कम था। लेकिन आज 2022 में भारत का दूध उत्पादन करीब दस गुना बढ़कर 22 करोड़ टन हो गया है और आज भारत दूध का निर्यात करने की बेहतर स्थिति में आ गया है। भारत 23 प्रतिशत दूध उत्पादन के साथ दुनिया का नंबर एक उत्पादक बन गया है एवं भारत के बाद अमेरिका, चीन, पाकिस्तान एवं ब्राजील का नाम आता है। पिछले 8 वर्षों के दौरान भारतीय डेयरी उद्योग ने 44 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करते हुए वर्ष 2014-15 में 14.63 करोड़ टन से बढ़कर वर्ष 2020-21 में 21 करोड़ टन का उत्पादन हुआ है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र से डेयरी उद्योग आज 4 प्रतिशत का योगदान कर रहा है, जो कृषि क्षेत्र की विभिन्न मदों में सबसे अधिक है। लगभग 7 करोड़ कृषक आज सीधे ही डेयरी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं एवं इस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। भारत कृषि क्षेत्र के विभिन्न उत्पादों के उत्पादन के मामले में भी वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति में लगातार सुधार कर रहा है। जैसे इस वर्ष भारत, चीन के बाद, दुनिया का सबसे बड़ा दूसरा चाय उत्पादक देश बन गया है।

आज भारत प्रति वर्ष 13 लाख टन चाय का उत्पादन कर रहा है। चाय उत्पादन के साथ ही मछली उत्पादन के क्षेत्र में भी भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश बन गया है। मछली का उत्पादन करने वाले किसानों और मछुआरों की आय को दोगुना करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 10 सितंबर 2020 में ह्यप्रधानमंत्री मत्स्य संपदाह्ल योजना शुरू की थी। मत्स्य पालन के क्षेत्र में 2019-20 से लेकर 2021-22 तक 14.3 प्रतिशत की प्रभावी वृद्धि देखी गई है। भारत 47,000 करोड़ रुपये से अधिक की मछलियों का निर्यात करता है। वर्ष 2020-21 में भारत का सी-फूड निर्यात 11.50 लाख मीट्रिक टन का रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से कृषि के क्षेत्र, में उक्त वर्णित संवर्धनों के चलते हाल ही के वर्षों में भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे लोगों की संख्या में अच्छी खासी कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2011-12 में भारत में गरीबी का अनुपात 21.9 प्रतिशत था जो वर्ष 2020-21 में घटकर 17.9 प्रतिशत हो गया है। गरीबी के अनुपात में लगातार आ रही कमी मुख्य रूप से भारत की प्रति व्यक्ति औसत आय में लगातार हो रही तेज वृद्धि के कारण सम्भव हो सकी है। भारत में प्रति व्यक्ति औसत आय वर्ष 2001-02 में केवल 18,118 रुपए थी जो एक दशक पश्चात अर्थात वर्ष 2011-12 में बढ़कर 68,845 रुपए हो गई। इसके बाद के 10 वर्षों में तो और अधिक तेज गति से वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2021-22 में यह 174,024 रुपए हो गई है। भारत की प्रति व्यक्ति औसत आय में वृद्धि, गरीब वर्ग की औसत आय में हो रही तेज वृद्धि के कारण भी सम्भव हो पा रही है। एक अन्य शोधपत्र में भी यह बताया गया है कि बहुत छोटी जोत वाले किसानों की वास्तविक आय में 2013 और 2019 के बीच वार्षिक 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है वहीं अधिक बड़ी जोत वाले किसानों की वास्तविक आय में केवल 2 प्रतिशत की वृद्धि प्रतिवर्ष दर्ज हुई है। दूसरे, भारत में वित्तीय वर्ष 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद का मूल्य 232.15 लाख करोड़ रुपए (अनुमानित) रहा है जो कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में 197.46 लाख करोड़ रुपए (अनुमानित) से बहुत अधिक है।

इस प्रकार अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय नागरिकों की आय में 17.6 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान रही है। आज जहां पूरी दुनिया में खाद्यान्न का संकट गहराता जा रहा है, वहीं भारत खाद्यान्न उत्पादन में नए-नए कीर्तिमान बना रहा है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2021-22 के लिए मुख्य कृषि फसलों के उत्पादन के तृतीय अग्रिम अनुमान जारी किए हैं। इसके अनुसार भारत में 31.451 करोड़ टन खाद्यान के उत्पादन का अनुमान है, जो वर्ष 2020-21 के दौरान के खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 37.7 लाख टन अधिक है। वर्ष 2021-22 के दौरान खाद्यान्न उत्पादन पिछले 5 वर्षों के औसत खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 2.38 करोड़ टन अधिक है। भारत के लिए यह एक नया कीर्तिमान होगा।

## प्रसंगतः अपरिग्रह

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले, "महाराज! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है। कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं।" आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुख का कारण होता है।

DELHI CRIME 4 oct 2022:Layout 1 10/3/2022 6:46 AM Page 3



# केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी की बर्खास्तगी व गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन

## -लखीमपुर खीरी के किसानों की शहादत के 1 साल पूरा होने पर




**फतेहाबाद, (हि.स.)।** संयुक्त किसान मोर्चा ने लखीमपुर खीरी हत्याकांड के 3 अक्टूबर को 1 वर्ष पूरा होने पर मुख्य साजिशकर्ता अजय मिश्र टेनी को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री पद से बर्खास्त करने, निर्दोष किसानों की जेल से रिहाई और उनके ऊपर लगाए गए झूठे केस वापस लेने की मांग को लेकर सोमवार को डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। अध्यक्षता किसान नेता विष्णु दत्त शर्मा, रविंद्र हिजरावां, संदीप काजला, रामकुमार बहबलपुरिया ने की और संचालन संयुक्त मोर्चा के संयोजक योगेंद्र सिंह भूथन ने किया। इसके बाद किसानों ने उपायुक्त को मांग पत्र भी सौंपा। किसान नेताओं ने कहा कि पिछले वर्ष 3 अक्टूबर के दिन लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश में शांतिपूर्ण आंदोलन कर वापस लौट रहे किसानों पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के बेटे आशीष उर्फ टेनी ने गाड़ी चढ़ा दी थ। इस घटना में 4 किसान और एक पत्रकार शहीद हो गए और 13 से अधिक किसान पूरी तरह से घायल हुए। यह एक सुनियोजित षड्यंत्र था जिसे बाहुबली अजय मिश्र टेनी ने अपने बेटे आशीष मिश्र टेनी के साथ मिलकर रचा। एसआईटी की जांच के निष्कर्षों में भी 120बी यानी हत्या का सुनियोजित षड्यंत्र किया जाने के बात स्वीकार की गई है। इसके बावजूद केंद्र सरकार द्वारा अजय मिश्र टेनी को बचाने का प्रयास जारी है और उससे ज्यादा शर्मनाक बात उसका आज तक केंद्रीय मंत्री बने रहना है। किसान मोर्चा ने मंत्री को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त करके मुख्य साजिशकर्ता को जेल में डाला जाए। जेल में बंद किसानों की तत्काल रिहाई और फर्जी केसों की वापसी तुरंत हो। शहीद किसान और घायलों के परिवारों को आर्थिक मदद और सरकारी नौकरी का वायदा पूरा किया जाए। इस केस से संबंधित गवाहों पर भी जानलेवा हमले हुए हैं और इसकी पैरवी कर रहे किसान नेताओं पर फर्जी मुकदमा ठोकने, डराने धमकाने की साजिश से हो रही है। यह सरकार की जिम्मेवारी बनती है कि उन्हें सुरक्षा मिले ताकि शहीद किसानों को न्याय मिल सके। आज के रोष प्रदर्शन में मलकीत सिंह फौजी, जगबीर सिंह तूर, करमजीत सालमखेड़ा, जगदीश फुलां, सुरेश गढ़वाल, पतराम ढाणी ईशर, कमल बराड़, राजेंद्र बाटू, कल्याण सिंह, बेगराज प्रधान, धनपत सिंह सरपंच आदि उपस्थित रहे।

# अष्टमी के दिन मां महागौरी के दर्शन करने देवसर धाम मे उमडा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**भिवानी :** शारदीय नवरात्रों के आठवें दिन सोमवार को भिवानी से आठ किलोमीटर दूर देवसर गांव की पहाड़ी पर स्थित माता मंदिर मे मां महागौरी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड पडा। अष्टमी तिथि होने के कारण मंदिर मे श्रद्धालुओं की भीड ज्यादा रही। मंदिर परिसर मे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह वांलियंटियर लगाए गए है, वही पुलिस के जवान भी मुस्तैदी के साथ व्यवस्था बनाने के लिए जुटे रहे। 26 सितंबर से शुरू हुए नवरात्रों मे किसी भी तिथि का क्षय ना होने के कारण नवरात्र नौ दिन चलेंगे, जिसको लेकर श्रद्धालुओं मे काफी उत्साह देखा गया। गर्मी और भारी भीड होने के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था मे कोई कमी नजर नहीं आई। कोई पैदल तो कोई पेट के बल चलकर माता रानी के दरबार तक पहुंचा।

माता रानी के जयकारों के साथ जहां देवसर धाम गूंज रहे हैं। वहीं अष्टमी तिथि होने के कारण लोगों ने घरों मे सोमवार को कन्या पूजन किया। वही नवरात्रों का उपवास रखने वाले श्रद्धालु नवमी के दिन कन्या पूजन कर उपवास खोलेंगे। बता दे कि देवसर स्थिति मां भगवती की भिवानी सहित आस पास के क्षेत्रों मे कुलदेवी के रुप मे पूजा होती है। घर परिवार मे अगर किसी की नई शादी होती है तो नवविवाहित जोड़े की नवरात्रों में अष्टमी के दिन गठजोंडे की धोक लगाने की मान्यता है, वहीं नवजात शिशु का भी अष्टमी के दिन माता मंदिर मे धोक लगाने के बाद झडूला उतरता है। जिस कारण देवसर धाम श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ है।

# भूना से प्रतिदिन उठाया जा रहा है लगभग 18 टन कचरा



**फतेहाबाद, (हि.स.)।** जिले के कस्बा भूना से बारिश की पानी की निकासी के बाद जिला प्रशासन का पूरा ध्यान कस्बे को गंदगी व कचरे से मुक्त करने पर है। नगरपालिका के 58 कर्मचारियों के अलावा 25 अतिरिक्त कर्मचारी सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में लगाए गए हैं। प्रतिदिन कस्बे से करीब 18 टन कचरे का उठान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों अत्याधिक बारिश के चलते कस्बा भूना में जलभराव हो गया था। मुख्य मार्गों के अलावा कस्बे की अधिकांश कॉलोनियों में पानी जमा हो गया था, जिसके चलते जन-जीवन काफी प्रभावित हुआ। आवासीय कॉलोनियों के अलावा बाजार के क्षेत्र में भी जलभराव होने से दुकानें बंद रही। पानी निकासी होने से अब जन-जीवन सामान्य होता जा रहा है। इस बीच जैसे-जैसे पानी की निकासी हुई, उसके साथ ही कस्बे में कचरा/गंदगी दिखाई देनी लगी। इस पर भी जिला प्रशासन ने तुरंत कार्यवाही करते हुए गंदगी के उठान का कार्य हाथों-हाथ शुरू किया। फिलहाल की बात करें तो भूना कस्बा से 3-4 दिन से प्रतिदिन 18 टन कूडा-कर्कट व कचरा उठाया जा रहा है। इसके अलावा नालियों व गलियों में गाद/कीचड़ का उठान किया जा रहा है। अब तक वार्ड नंबर 4, 5, 8, 12, 14 व 15 तथा मार्केट एरिया में फॉगिंग करवाई जा चुकी है। नगरपालिका सचिव जितेंद्र शर्मा ने बताया कि भूना शहर में नगरपालिका के 58 सफाई कर्मचारी लगे हुए हैं। इनके अलावा 25 अतिरिक्त लोग सफाई व्यवस्था में लगाए गए हैं।

# 11 साल से लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य है टीनू

**भिवानी, (हि.स.)।** गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई को इन दिनों अपराधिक प्रवृत्ति के युवा बड़ी संख्या में अलग-अलग सोशल नेटवर्क पर फोलो कर रहे हैं। इस गिरोह का नेटवर्क देश भर में फैला हुआ है। इसी गिरोह से भिवानी जिला के गैंगस्टर दीपक उर्फ टीनू का भी सीधा जुड़ाव है। जो हाल ही में पंजाब से पुलिस की गिरफ्त से फरार हुआ है। गैंगस्टर दीपक कुमार उर्फ टीनू हरियाणा के भिवानी जिला से संबंद्ध रखता है। टीनू के पिता पेशे से पेंटर का कार्य करते हैं। दीपक कुमार उर्फ टीनू पर हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान, दिल्ली में हत्या, हत्या प्रयास समेत 32 से अधिक केस दर्ज है। टीनू को हत्या के एक मामले में भिवानी पुलिस 2017 में बैंग्लोर से गिरफ्तार कर लाई थी। भिवानी सीआईए इंचार्ज रविंद्र कुमार ने इसे बैंग्लोर से गुप्ता सूचना के आधार पर वर्ष 2017 में पकड़ा था। टीनू ने भिवानी में रंजिश के चलते बंटी मास्टर की गोली मारकर हत्या की थी। बंटी की हत्या के बाद से भिवानी पुलिस को इसकी तलाश थी, जिसे बैंग्लोर से काफी मशक्कत के बाद पकड़ा गया था। टीनू पिछले करीब 11 साल से वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा हुआ है। उसने पंजाब में गैंगसर लवी डियोडा की गोली मारकर हत्या की। दीपक के बाद उसका छोटा भाई चिराग भी नशीले पदार्थों की तस्करी व गाड़ी छिनने के मामले में पकड़ा गया है। माना जा रहा है कि मूसेवाला हत्याकांड में भी टीनू ने अहम भूमिका निभाई थी। पुलिस की पूछताछ में खुलासा हुआ था कि मूसेवाला के कत्ल से दो दिन पहले उसकी लॉरेंस बिश्नोई से बात हुई थी। टीनू पंजाब राजस्थान, यूपी और हरियाणा राज्यों में विभिन्न आपराधिक घटनाओं में वांछित है। टीनू की फरारी के बाद अब भिवानी पुलिस की गतिविधियां भी भविष्य में बढ़ती नजर आ रही है, क्योंकि हरियाणा प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश भर के भाजपा शासित राज्यों में गैंगस्टरों की अवैध प्रोप्टर्टी पर बुल्डोजर चलाने का अभियान चलाया है। इसी के चलते भिवानी के लोहारू में एक सप्ताह पहले लारेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े बिट्टू मातोडिया की अवैध प्रोप्टर्टी को जेसीबी से भिवानी जिला प्रशासन ने ढ़हाया था तथा दीपक उर्फ टीनू के परिवार द्वारा हालही में खरीदी गई संपत्ति की जांच को लेकर भिवानी पुलिस मशक्कत कर रही है, ऐसी सूचनाएं सूत्रों से प्राप्त हुई है। अब देखना होगा कि लारेंस बिश्नोई गिरोह पर शिकंजा कंसने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय क्या कदम उठाता है, यह देखने वाली बात होगी। हालांकि इन्ही कार्रवाई के बीच दीपक उर्फ टीनू का फरार होना पुलिस के लिए सिर दर्द जरूर बन गया है।

# पुरानी राजिश के चलते युवक की चाकू मारकर की हत्या

**यमुनानगर, (हि.स.)।** जगाधरी वर्कशॉप के रेलवे ग्राउंड में अपने भाई के साथ राम लीला देखने गए युवक को पुरानी रंजिश के चलते दर्जन भर से अधिक युवकों ने लोहे की रॉड व चाकू मारकर जानलेवा हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। जिसकी कुछ देर बाद ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया। परिजन के बयान के आधार पर नामजद आरोपित युवकों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापामारी शुरू कर दी। मृतक की पहचान राहुल निवासी नानक नगर के रूप में हुई। मृतक के पिता रमेश कुमार व बेटे सन्नी ने बताया कि राहुल व सन्नी रविवार की रात को रेलवे ग्राउंड में रामलीला देखने गए थे। उसके भाई सन्नी ने इसकी सूचना पुलिस को दी और कुछ ही देर में राहुल को अपनी बाइक पर अस्पताल ले जाते समय उसकी मृत्यु हो गई। पिता रमेश ने बताया कि कुछ दिन पहले राहुल की छोटी मोटी बात को लेकर इन युवकों से कहासुनी हो गई थी।

## पेज 1 का शेष भाग

### ऑक्सीजन प्लांट और कंसंट्रेटर में अरबों ...

रुपए के कंसंट्रेटर खरीद लिए गए। अरबों रुपए के एयर ऑक्सीजन प्लांट लग गए। अरबों रुपए के उपकरण भारी कीमत पर खरीदे गए। इनके रखरखाव और उपयोग करने की जानकारी का प्रशिक्षण नहीं दिया गया। धीरे-धीरे यह कबाड़ में तब्दील होते जा रहे हैं। यह हालत भी तब है, जब स्वास्थ्य सुविधाओं को हमें गांव गांव तक मे उपलब्ध कराना है। सब कुछ होते हुए भी अरबों रुपए के प्लांट और मशीनरी को कबाड़ बनाया जा रहा है। सरकार को इस दिशा में जल्द ही कोई नीति बनानी होगी। सरकारी धन का दुरुपयोग ना होकर उसका सदुपयोग हो। इस दिशा में काम करने की जरूरत है।

### महिला के साथ घरेलू हिंसा पर डीसीडब्ल्यू ने ...

इस शादी से एक बच्चा भी है। आदमी ने उसे उसका सामान वापस देने से भी इनकार कर दिया है और उसके और उसके परिवार के खिलाफ कई मानहानि के मामले दर्ज करवा दिए हैं। उसने मदद की अपील की है क्योंकि वह आदमी उसे रोजाना प्रताड़ित कर रहा है। स्वाति मालीवाल ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री से पीड़िता की मदद के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने सिफारिश की है कि इस मामले में कानून की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए और यदि पहले ही एफआईआर दर्ज है, तो मामले की फिर से जांच की जानी चाहिए और अगले 48 घंटों के भीतर उस व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने सिफारिश की है कि पीड़िता को मुआवजा और मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जानी चाहिए ताकि वह अदालत में अपना मामला लड़ सके और साथ ही पीड़िता और उसके परिवार के खिलाफ आरोपी द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले भी लड़ सकें। उन्होंने यह भी अनुरोध किया है कि पीड़िता और उसके बच्चे की ठीक से काउन्सलिंग की जानी चाहिए ताकि वे बेहतर ढंग से इस प्रताड़ना से निबट सकें और साथ ही महिला और बच्चे को पुलिस सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। मालीवाल ने कहा, घरेलू हिंसा का एक बहुत ही परेशान करने वाला वीडियो हमारे संज्ञान में आया है। घरेलू हिंसा एक गंभीर अपराध है जो देश में लाखों महिलाओं को प्रभावित करता है। महिला और उसके परिवार के सामने आ रही परेशानियों को देख कर देश में महिलाओं की सुरक्षा करने वाले कानूनों के क्रियान्वयन की सच्चाई का पता चलता है। महिला पिछले कई सालों से न्याय के लिए भटक रही है। मैं राज्य से इस तरह के अपराधों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने और मामले में अनुकरणीय कार्रवाई की दिशा में काम करने का आग्रह करती हूं।"

### मुनुगोडे विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में 3 नवंबर...

व मुनुगोडे चुनाव स्टीरिंग कमेटी अध्यक्ष पूर्व सांसद जी. विवेक वेंकटस्वामी ने कहा कि मुनुगोडे उपचुनाव में प्रचार के लिए 7 अक्तूबर को निर्वाचन क्षेत्र के सभी 189 ग्रामों में दुपहिया रैली निकाली जाएगी। 10 अक्तूबर को भाजपा प्रदेश प्रभारी तरुण चुघ व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद बंडी संजय सभी बूथ कमेटी सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय भाजपा राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी (संगठन) सुनील बंसल की उपस्थिति में हुई पार्टी की एक कोर कमेटी की बैठक में लिया गया। उन्होंने बताया कि पार्टी की बाइक रैली में स्टीरिंग कमेटी के सभी पदाधिकारी, पार्टी के नेता व कार्यकर्ता भाग लेंगे। कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर उपचुनाव के लिए जिम्मेदार केसीआर सरकार और उसके भ्रष्टाचार व तानाशाही रवैये के बारे में जनता को जागरूक करेंगे। पूर्व सांसद विवेक ने आरोप लगाते हुए कहा कि सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति मुनुगोडे की मतदाता सूची में फर्जी नाम दर्ज करा रही है, इसलिए भाजपा ने वोटर लिस्ट का वेरीफिकेशन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि सुनील बंसल ने निर्देश दिए हैं कि चुनाव के समय सत्तारूढ़ टीआरएस सरकार भाजपा के कार्यकर्ताओं का मनोबल गिराने के लिए फर्जी मामले दर्ज कर परेशान करने के षड़यंत्र रच सकती है। इसके लिए पार्टी की एक लीगल टीम बनाई जाए, जो ऐसे मामलों में पार्टी कार्यकर्ताओं को सहयोग करे और उनका आत्मविश्वास बनाए रखे।

### कोलकाता में हिंदू महासभा के दुर्गा पंडाल में ...

शख्स की मूर्ति लगाई गई थी। यह हमारे फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन का हिस्सा होना चाहिए। अनगिनत फोन कॉल आने लगे, हमने दबाव में मूर्ति में बदलाव किया है। उन्होंने यह भी कहा कि महात्मा गांधी ने ऐसा कुछ नहीं किया है कि उन्हें राष्ट्रपिता कहा जाना चाहिए। उनकी भूमिका इस देश के लिए घातक रही है, इसलिए उन्हें पूजने का कोई औचित्य नहीं बनता। इस मामले में कांग्रेस ने भी इस कृत्य की निंदा की है। पार्टी ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर लिखा है कि अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने कोलकाता में दुर्गा पूजा के दौरान गलत तरीके से महात्मा गांधी को पेश किया है। यह अपराध है और हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। इसके खिलाफ ठोस कार्रवाई होनी चाहिए। हम लोग तस्वीर को सोशल मीडिया पर नहीं डाल रहे हैं, क्योंकि ऐसी तस्वीर की इस देश में कोई जगह नहीं है। इस मामले में कांग्रेस नेता कौस्तव बागची ने कस्बा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि मैंने पुलिस में लिखित शिकायत देकर जीरो एफआईआर करने का अनुरोध किया है।

# घर लौट रहे युवक पर चलाई गोली, शराब ठेका हटवाने को लेकर थी रंजिश

**फतेहाबाद, (हि.स.)।** फतेहाबाद में काम करके अपने गांव खजूरी जाटी जा रहे युवक पर कुछ लोगों द्वारा जान से मारने की नीयत से फायर करने और बाद में उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल करने का समाचार है। घायल युवक को उपचार के लिए फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे अग्रोहा रेफर कर दिया। घायल युवक का आरोप है कि उसके घर के पास खुले शराब ठेके का विरोध करते हुए उसने वहां से ठेका हटवा दिया था। इसी रंजिश के चलते उस पर हमला किया गया है। इस मामले में भूना पुलिस ने सोमवार को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव खजूरी जाटी निवासी विनोद कुमार ने कहा है कि वह ऑटो मार्किट फतेहाबाद में काम करता है। रोजाना की तरह शाम को जब वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर वापस घर जा रहा था तो रास्ते में झलनियां-खजूरी रोड पर पीछे से एक मोटरसाइकिल पर गांव का ही सुनील कुमार व रमेश बिश्नोई सवार थे जबकि उनके साथ दूसरे मोटरसाइकिल पर दो अन्य युवक थे। उसे देखते ही सुनील ने उस पर गोली चला दी लेकिन वह बच गया। इसके आगे प्रदीप, अजीत व इनके पिता हरीराम 10 अन्य युवकों के साथ खड़ा था और इन्होंने सड़क पर रस्सा लगा रखा था। रस्से के कारण उसका मोटरसाइकिल उछल कर गिर गया।

इस पर उक्त लोगों ने उसके गले में रस्सी लपेटकर गाड़ी में डाल लिया और डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इसके बाद वह किसी तरह इनसे बचकर वहां से भागा और अपने भाई को सूचना दी। इस पर जब उसके परिजन मौके पर पहुंचे तो उक्त लोग मौके से फरार हो गए।


एडवांस जर्नलिज्म एंड रिपोर्टिंग टेक्निक कोर्स

रिपोर्टिंग में अपना भविष्य बनाने वाले लोगों के लिए सुनहरा मौका



जॉब प्लेसमेंट 100 परसेंट गारंटीड

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें +91 8375000984


# रातभर डायलिसिस के बाद भी मुलायम सिंह की हालत में सुधार नहीं

## -पोती ने बीमार दादा की तस्वीर के साथ किया ट्वीट, वेंटिलेटर पर हैं मुलायम सिंह



**गुरुग्राम, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की हालत में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा। रातभर उन्हें डायलिसिस दी गई, लेकिन उनकी हालत गंभीर होती चली गई। सोमवार सुबह उनकी पोती अदिति यादव ने ट्वीटर पर उनकी उपचाराधीन होने की तस्वीर जारी की। साथ ही लिखा कि- दादा जी के अच्छे स्वास्थ्य की ईश्वर से मंगलकामना करें। गुरुग्राम के मेदांता मेडिसिटी में उपचार ले रहे यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव पिछले कई दिनों से यहां भर्ती हैं। रविवार को अचानक उनकी तबीयत काफी खराब हो गई थी, जिस कारण उन्हें तुरंत आईसीयू में शिफ्ट करना पड़ा। इसकी सूचना उनके बेटे अखिलेश यादव व परिजनों को दी गई। मुलायम सिंह के बेटे एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अपने चाचा शिवपाल यादव के साथ रविवार को ही गुरुग्राम मेदांता अस्पताल में पहुंच गए। सूत्रों के अनुसार मुलायम सिंह यादव को रातभर डायलिसिस दी गई, लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार के लक्षण नजर नहीं आए। हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। इस कारण से उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली (वेंटिलेटर) पर रखा गया है। उनके पूरे शरीर में संक्रमण फैल गया है, जिस कारण उन्हें डायलिसिस देनी पड़ी। मुलायम सिंह का उपचार कैंसर विशेष डॉ. नितिन सूद की टीम द्वारा किया जा रहा है। अस्पताल की तरफ से मुलायम सिंह यादव के स्वास्थ्य संबंधी कोई बुलेटिन जारी नहीं किया गया है। मुलायम सिंह यादव की पोती अदिति यादव ने अपने ट्वीटर हैंडल पर अपने दादा की उपचाराधीन होने की तस्वीर साझा की है। तस्वीर के साथ लिखा है कि दादाजी के अच्छे स्वास्थ्य की ईश्वर से मंगलकामना करें। समाजवादी पार्टी की ओर से बयान जारी करके जानकारी दी गई है कि नेताजी की हालत गंभीर बनी हुई है। कार्यकताओं से अपील की गई है कि वे गुरुग्राम में अस्पताल के बाहर जमा ना हों। नेताजी के स्वास्थ्य की जानकारी लगातार दी जाएगी। डायलिसिस का नाम तो लगभग हर किसी ने सुना होगा। हम आपको बताते हैं कि डायलिसिस की जरूरत इंसान को कब पड़ती है। डायलिसिस उस समय दी जाती है, जब व्यक्ति की दोनों किडनी बहुत कम काम करती हैं। डायलिसिस खून को शुद्ध करने की प्रक्रिया है। खून में घुले हुए खराब तत्वों को डायलिसिस प्रक्रिया से बाहर निकाला जाता है।

DELHI CRIME 4 oct 2022:Layout 1 10/3/2022 6:46 AM Page 4



# अमेरिका में भारतीय मूल के नागरिक विवेक लाल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

**वॉशिंगटन, (हि.स.)** । भारतीय मूल के नागरिक जनरल एटामिक्स के सीईओ विवेक लाल को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति कार्यालय के आधिकारिक बयान के अनुसार, लाल को उनके बेहतर कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। डॉ. लाल ने कान्सास में विचिटा स्टेट यूनिवर्सिटी से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में पीएचडी की है।



वे बिजनेस लीडर और वैज्ञानिक समुदाय टाइटन जनरल एटॉमिक्स में मुख्य कार्यकारी के रूप में काम करते हैं। कंपनी परमाणु प्रौद्योगिकी के विशिष्ट क्षेत्रों की वैश्विक कंपनी है और गार्जियन ड्रोन जैसे अत्याधुनिक मानव रहित हवाई वाहन विकसित कर चुकी है। विवेक लाल एक भारतीय राजनयिक के बेटे हैं। पिछले साल वॉशिंगटन यात्रा के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने के लिए उन्हें आमंत्रित किया गया था। डॉ. लाल को वर्ष 2018 में फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन में शामिल करते हुए परिवहन विभाग के प्रमुख अमेरिकी कैबिनेट सचिव के लिए महत्वपूर्ण सलाहकार भूमिका में नियुक्त किया गया था।

# कमला हैरिस से मिलीं प्रियंका चोपड़ा, महिला अधिकारों पर की चर्चा

**वाशिंगटन, (हि.स.)**। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से फिल्म अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने मुलाकात कर महिलाओं के मुद्दों पर बातचीत की। प्रियंका ने शुक्रवार को डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी वुमन लीडरशिप फोरम कांफ्रेंस में हिस्सा लिया था और उसी दौरान उनकी मुलाकात हैरिस से हुई थी। चोपड़ा ने सम्मेलन की तस्वीरें और वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया है और हैरिस के साथ चर्चा की विस्तृत जानकारी दी है। अभिनेत्री ने लिखा कि बहुत पहले से ही दुनिया ने महिलाओं की ताकत को कमतर कर आंका। हमें नकारा गया और चुप कराया गया लेकिन निस्वार्थ भाव से काम करने वाली महिलाओं के त्याग और दृढ़ता को शुक्रिया। आज हम उस स्थान पर हैं जहां पर हम एकसाथ संयुक्त रूप से गलतियों को सुधार सकते हैं। उन्होंने कहा, यह चर्चा का अहम मुद्दा था, जिसपर कल रात वाशिंगटन में वुमन लीडरशिप फोरम कांफ्रेंस के मंच पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से बातचीत करने का मौका मिला। चोपड़ा ने कहा कि गत दो साल में मानवता ने कुछ बड़ी चुनौतियों का सामना किया है।




उन्होंने कहा कि हम त्वरित स्थिरता और प्रगति की जरूरत महसूस कर रहे हैं, अमेरिका के लिए यह आठ नवंबर को चुनाव के साथ शुरू हुआ। प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका है। चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेने और मताधिकार का इस्तेमाल करने की खासतौर पर महिलाओं के लिए क्योंकि हमें सक्रियता से भागीदारी करनी होगी, ताकि हमारे अधिकारों का ख्याल रखा जाए। अभिनेत्री ने कहा कि वह अमेरिका में मतदान करने की अर्हता नहीं रखती हैं, लेकिन उनके पति निक जोनास अमेरिकी चुनाव में मतदान करते हैं और उनकी बेटी मालती मैरी जोनास भी मतदान करेगी। इससे पहले, अपने संबोधन में चोपड़ा ने कहा था कि भारत में महिलाएं शीर्ष निर्वाचित पद पर आसीन होने में सफल हुई हैं, लेकिन अमेरिका में यह स्थिति नहीं है।

# ईरान से चीन जा रहे विमान में बम की सूचना, भारत ने पीछे लगाए दो लड़ाकू विमान

**तेहरान/ नई दिल्ली/ बीजिंग, (हि.स.)**। ईरान से चीन जा रहे विमान में बम की सूचना मिलने पर ईरान से लेकर भारत और चीन तक हड़कंप मच गया। भारतीय वायु क्षेत्र में बम की सूचना मिलते ही भारतीय वायु सेना ने दो लड़ाकू विमान उस विमान के पीछे लगा दिये। 45 मिनट तक भारतीय सीमा में रहने के बाद उक्त विमान चीन की ओर रवाना हो गया। ईरान की राजधानी तेहरान से चीन के शहर गुआंगजोऊ जा रहा महान एयर का विमान सोमवार सुबह, जिस समय भारतीय वायु क्षेत्र में उड़ान भर रहा था, उसी समय उस विमान में बम होने की सूचना मिली। पाकिस्तान के लाहौर एयर ट्रैफिक कंट्रोल की ओर से दिल्ली के एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इस आशय की सूचना दी गयी। साथ ही पायलट ने विमान को तत्काल दिल्ली उतारने की अनुमति भी मांगी। दिल्ली एयर ट्रैफिक कंट्रोल की ओर से विमान को पहले जयपुर, फिर चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर उतारने के लिए कहा गया। दिल्ली की जगह जयपुर या चंडीगढ़ में उतरने की बात सामने आने पर विमान के पायलट ने विमान को चीन की ओर आगे बढ़ाने का फैसला किया। इस बीच भारतीय वायु सेना ने दो लड़ाकू विमान इसके पीछे लगा दिए। भारतीय वायु क्षेत्र में ईरानी विमान की मौजूदगी के दौरान लगातार उस पर नजर रखी गयी। बताया गया कि बम की सूचना को लेकर महान एयर ने दिल्ली हवाई अड्डे पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया था। उस समय विमानन सेवा प्रदाता ने विमान के चालक दल को दिल्ली में तत्काल विमान उतारने की सलाह दी थी। इस पर दिल्ली एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को पहले जयपुर और फिर चंडीगढ़ ले जाने का सुझाव दिया लेकिन विमान के पायलट ने इससे इनकार कर दिया और भारतीय हवाई क्षेत्र छोड़ दिया। उधर, विमान में बम की सूचना मिलते ही भारतीय सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। तत्काल भारतीय वायुसेना को अलर्ट किया गया। इस पर पंजाब और




जोधपुर एयरबेस से दो सुखोई विमान ईरानी विमान के पीछे लगा दिए गए। उसके बाद ईरानी विमान करीब 45 मिनट तक भारतीय हवाई सीमा में रहा। इस दौरान पूरे समय हड़कंप की स्थिति रही। अब देश के सभी एयरफोर्स स्टेशनों को अलर्ट पर रखा गया है। वायुसेना को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। इस बीच भारतीय वायु सेना ने औपचारिक रूप से घटनाक्रम की जानकारी दी है। वायु सेना की ओर से कहा गया है कि तीन अक्टूबर, 2022 को एक ईरानी एयरलाइन के विमान में उस समय बम की आशंका की सूचना मिली, जब वह भारतीय हवाई क्षेत्र से गुजर रहे थे। इसके बाद भारतीय वायु सेना के विमानों से सुरक्षित दूरी पर रहकर विमान का पीछा किया। ईरानी विमान पहले जयपुर और फिर चंडीगढ़ में उतरने का विकल्प दिया गया, किन्तु पायलट ने दोनों हवाई अड्डों पर जाने पर सहमति नहीं जताई। कुछ समय बाद तेहरान से बम की आशंका को नजरअंदाज करने की सूचना मिली। इसके बाद विमान अपने गंतव्य की ओर चला गया। इस दौरान नागरिक उड्डयन मंत्रालय और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो द्वारा संयुक्त रूप से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भारतीय वायु सेना ने निगरानी की कार्रवाई की। विमान जितनी देर भारतीय वायु क्षेत्र में रहा भारतीय वायु सेना ने उसकी समग्र निगरानी की।

# इंग्लैंड के बाद कनाडा में हिंदुओं के खिलाफ हेट क्राइम

**– भारतीय हाई कमीशन ने की जांच की मांग**

**टोरंटो (ईएमएस)**। भारत ने कनाडा के ब्रैम्पटन में हाल ही में अनावरण किए गए श्री भगवद गीता उद्यान में हुई तोड़फोड़ की घटना की निंदा करते हुए अधिकारियों से इस प्रकरण की जांच करने और हेट क्राइम के आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है। ट्रॉयर्स के नाम से पहचाने जाने वाले इस पार्क को हाल ही में ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने ह्यश्री भगवद गीताह्न उद्यान का नाम दिया था जिसे 1 अक्टूबर को तोड़फोड़ का शिकार बनाया गया। घटना पर ट्वीट करते हुए भारतीय उच्चायोग ने मामले पर जांच करने और अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई करने की बात कही है। ट्वीट में उच्चायोग ने लिखा कि भारत ब्रैम्पटन में श्री भगवद गीता पार्क में हुए हेट क्राइम की निंदा करता है। हम कनाडा के अधिकारियों और पील पुलिस से मामले की जांच करने और अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह




करते हैं। ज्ञात हो कि लंदन में हुए हिन्दू समाज पर हमलों के बाद पश्चिमी देशों में भारतीयों के खिलाफ धार्मिक हिंसा में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हिन्दू समाज पर बढ़ रहे हमलों पर ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कनाडा इस तरह के हमलों को कभी बर्दास्त नहीं करेगा। ब्राउन ने अपने ट्वीट में कहा कि वह जानते हैं कि हाल ही में अनावरण किए गए श्री भगवद गीता पार्क साइन बोर्ड को नुकसान पहुंचाया गया है। वह इस तरह की हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। ब्राउन ने कहा कि आगे की जांच के लिए पील क्षेत्रीय पुलिस से संपर्क किया गया है। पार्क विभाग जल्द से जल्द साइन बोर्ड को ठीक करने के लिए काम कर रहा है।

# इराक में तुर्की के हवाई हमले में 23 कुर्द आतंकवादी मारे गए

**इस्तांबुल, (हि.स.)**। इराक में तुर्की के हवाई हमले में 23 कुर्द आतंकवादी मारे गए। तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार स्वायत्त कुर्दिस्तान क्षेत्रीय सरकार द्वारा नियंत्रित उत्तरी इराक के असोस क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई में हताहतों की संख्या बढने की आशंका है। मंत्रालय के ट्वीट के साथ एक वीडियो में एफ-16 लड़ाकू विमानों को उड़ान भरते और एक पर्वतीय इलाके में कई विस्फोट करते हुए दिखाया गया है। उसने गुरुवार को रक्षा मंत्री हुलुसी अकार के एक बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि असोस क्षेत्र में हवाई हमलों ने 16 ठिकानों को निशाना बनाया।



तुर्की 2019 से उत्तरी इराक में कई अभियान चला रहा है। उसका कहना है कि सेना कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी या पीकेके को निशाना बना रही है, ताकि उसे तुर्की पर सीमा पार से हमले शुरू करने से रोका जा सके। समूह को तुर्की, अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने बाद में कहा कि रविवार को एक मिसाइल हमले में तुर्की के एक पुलिस अधिकारी के मारे जाने के जवाब में उत्तरी सीरिया में सात आतंकवादियों को मार गिराया था।

# भारत-दक्षिण अफ्रीका मैचः आज रांची आएंगे बीसीसीआई क्यूरेटर, करेंगे पिचों की जांच

**रांची, (हि.स.)**। राजधानी रांची में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच नौ अक्टूबर को तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला का दूसरा मैच खेला जाना है। इसके मद्देनजर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के क्यूरेटर आशीष भौमिक आज, सोमवार को रांची आ रहे हैं। वह यहां जेएससीए स्टेडियम के सेंट्रल एरिया में बनी तीनों पिचों की जांच करेंगे। उनके इस काम में जेएससीए के क्यूरेटर डॉ. एसबी सिंह, जो बीसीसीआई के भी क्यूरेटर हैं, मदद करेंगे। इन तीनों पिचों को रोल कर तैयार कर लिया गया है। इससे पहले 27 सितम्बर को इनमें से एक पिच पर यह देखने के लिए स्थानीय खिलाड़ियों का अभ्यास मैच हुआ था कि पिच कैसा व्यवहार कर रही है। ये पिच गेंदबाज और बल्लेबाज दोनों के



लिए मददगार है। हालांकि पिच की जानकारी क्यूरेटर की जांच के बाद ही पता चलेगा। अब देखना है कि क्यूरेटर किस पिच का चुनाव मैच के लिये करते हैं।

उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई ने साउथ अफ्रीका के साथ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। शिखर धवन को टीम का कप्तान बनाया गया है। पहला एकदिवसीय मैच 6 अक्टूबर को लखनऊ में, दूसरा 9 अक्टूबर को रांची में और तीसरा तथा अंतिम एकदिवसीय मैच 11 अक्टूबर को दिल्ली में खेला जाएगा। एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीमः शिखर धवन (कप्तान), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, मुकेश कुमार, अवेश खान, मो. सिराज, दीपक चाहर।

## आज का इतिहास 4 अक्टूबर

1539 इंग्लैंड नरेश हेनरी अष्टम और क्लीव्स की ऐन के विवाह के लिए संधि हुई थी।

1824 मैक्सिको गणराज्य बना था।

1853 तुर्की ने रूस के खिलाफ जंग का ऐलान किया।

1865 नेपोलियन तृतीय और ओटो वान विस्मार्क के बीच समझौता हुआ।

1931 ब्राजील में क्रांति के बाद गेसुलियो वर्गास राष्ट्रपति बने।

1945 फ्रांस में पियरे लावल पर युद्ध के दौरान राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण मुकदमा चलाया गया।

1957 सोवियत संघ ने प्रथम अंतरिक्षयान का प्रक्षेपण किया।

1969 चीन ने हाइड्रोजन बम सहित दो परमाणु परीक्षणों की घोषणा की।

1973 उत्तरी आयरलैंड में पांच वर्ष से जारी संघर्ष को रोकने के लिए शांति वार्ता शुरू हुई।

1977 अटलबिहारी बाजपेयी ने विदेश मंत्री के रूप में राष्ट्रसंघ महासभा को हिंदी में संबोधित किया।

1986 भारतीय हेलीकॉप्टर निगम की स्थापना हुई।

1986 सोवियत संघ की परमाणु चालित पनडुब्बी में आग लगने से तीन व्यक्ति मारे गए।

1991 फिलीपींस के विद्रोही सैनिकों ने दूसरे सबसे बड़े द्वीप के स्वतंत्र होने का दावा किया।

# यूक्रेन का लाइमैन के पूर्वी लॉजिस्टिक्स हब पर पूर्ण नियंत्रण का दावा

**कीव, (हि.स.)**। रूस के हमलों से टूट चुके यूक्रेन ने रविवार को बड़ा दावा किया है। यूक्रेन ने कहा है कि उसकी सेना ने लाइमैन के पूर्वी लॉजिस्टिक्स हब पर पूर्ण नियंत्रण पा लिया है। रूस से जंग में कुछ हफ्तों से पिछड़ रहे यूक्रेन के लिए यह बड़ी सफलता मानी जा रही है। इसे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए बड़ा झटका भी माना जा रहा है। रूस के लिए यह क्षेत्र जमीनी संपर्क बनाने के लिए अहम केंद्र था। नाटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग के अनुसार शहर पर लहराते यूक्रेन के झंडे यह दशार्ते हैं कि यूक्रेन, रूसी सेना को हटाने में सक्षम है और उसने दिखाया कि यूक्रेन के उन्नत पश्चिमी हथियारों की तैनाती पुतिन की सेना पर भारी पड़ रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि देश के सैनिकों की सफलता लाइमैन पर फिर से कब्जा करने



तक सीमित नहीं है। यूक्रेन की सेना ने खेरसोन क्षेत्र के अरखानहेल्स्के और मायरोलीयूबिवका बस्तियों को भी मुक्त करा लिया है।

# प्रिंस विलियम बने अपने पिता के जमींदार, सैकड़ों-हजारों पाउंड किराया वसूलेंगे

**लंदन (ईएमएस)**। ब्रिटेन के राजा किंग चार्ल्स-3 से उनके बड़े बेटे प्रिंस विलियम ने उनका प्रिय हाईग्रोव घर अपने नाम करा लिया है। अब प्रिंस विलियम राजा के नए जमींदार बन गए हैं और अपने पिता से किराए के रूप में सैकड़ों-हजारों पाउंड की वसूली कर रहे हैं। किंग चार्ल्स का प्रिय हाईग्रोव अब डची ऑफ कॉर्नवाल का हिस्सा है, जो अब प्रिंस विलियम के पास है। डची एक शासक ब्रिटश सम्राट के सबसे बड़े बेटे को दिया जाता है। हालांकि, राजकुमार व्यक्तिगत लाभ के लिए डची की किसी भी संपत्ति को बेचने के हकदार नहीं हैं। इसलिए वह अपने पिता से सैकड़ों-हजारों पाउंड का किराया वसूलेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक 40 वर्षीय प्रिंस विलियम ने किंग से 345 मिलियन पाउंड यानी 38 करोड़ अमेरिकी डॉलर की संपत्ति को ले लिया है और यही कारण है कि वह अपने पिता चार्ल्स तृतीय के जमींदार बन गए हैं। किंग चार्ल्स ने अपना प्रिय हाईग्रोव हाउस 1980 में खरीदा था, जो डची का हिस्सा है। डची जिसके पास 128,000 एकड़ जमीन है और पिछले साल 21 मिलियन पाउंड की आय अर्जित की थी। अब महारानी एलिजाबेथ के निधन के बाद चार्ल्स से उनके बड़े बेटे को सौप दिया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक चार्ल्स अब प्रति वर्ष 700,000 पाउंड (7 लाखअमेरिकी डॉलर) का भुगतान करेंगे। बता दें कि महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद प्रिंस चार्ल्स के सिंहासन पर बैठ गए हैं और इसके साथ चार्ल्स के सबसे बड़े बेटे प्रिंस विलियम अब राजगद्दी के अगले उत्तराधिकारी बन गए हैं।




पेरिस में फ्रांस की कॉस्मेटिक कंपनी एल ओरियल के फैशन शो में शामिल मॉडल।

(फोटो-ईएमएस)

# 5 जी सेवा के लिए मोबाइल फोन को 4जी से 5 जी में करना होगा अपग्रेड

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** देश में 5जी सेवाएं लांच हो गई हैं। देश के 13 शहरों में यूजर्स को 5जी सिग्नल मिलने लगे हैं। अगले कुछ दिनों में देशभर में 5जी सेवा उपलब्ध होगी, लेकिन इसका फायदा उठाने के लिए यूजर्स को उनका 4जी फोन, 5जी में अपग्रेड करना होगा। बिना 5जी स्मार्टफोन के 5जी सेवाओं का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। टेलिकॉम ऑपरेटर्स की ओर से 5जी प्लान्स की जानकारी जल्द शेयर की जाएगी, लेकिन उससे पहले आपको नया फोन खरीदना होगा। अगर आप 5जी कंपैटिबल स्मार्टफोन खरीदना चाहते हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।




5जी फोन चुनते वक्त कुछ की-फैक्टर्स का ध्यान रखा जाए तो आपको बेस्ट 5जी परफॉर्मेंस अपने डिवाइस में मिलेगी। स्मार्टफोन में 5जी कनेक्टिविटी के लिए 5जी चिपसेट का होना जरूरी है। ऐसे 5जी चिपसेट में 5जी रिसेप्शन के लिए बिल्ट-इन मॉड्यूल मिलता है। नए 5जी इनेबल्ड चिपसेट्स अब मिडरेंज और फ्लैगशिप सेगमेंट्स दोनों में आ रहे हैं। क्वालकॉम के स्नैपड्रैगन 695 और इसके बाद, स्नैपड्रैगन 765जी और इसके बाद के अलावा स्नैपड्रैगन 865 और इसके बाद वाले सभी चिपसेट्स में 5जी सपोर्ट मिलता है। वहीं, मीडियाटेक पावर्ड फोन्स की बात करें लो-एंड फोन्स के डायमेंसिटी 700 से लेकर हाई-एंड डायमेंसिटी 8100 और डायमेंसिटी 9000 प्रोसेसर्स में 5जी सपोर्ट मिलता है। पुराने जी-सीरीज और हीलियो-सीरीज के चिपसेट 5जी टेक्नोलॉजी को सपोर्ट नहीं करते हैं। फोन का चिपसेट तय करता है कि इसमें 5जी कनेक्टिविटी मिलेगी या नहीं, लेकिन सपोर्टेड बैंड्स नहीं होने की स्थिति में 5जी फोन्स भी नेक्स्ट-जेनरेशन कनेक्शन का पूरा फायदा नहीं देंगे। कई 5जी स्मार्टफोन्स केवल एक या दो 5जी बैंड्स को सपोर्ट करते हैं, इन्हें खरीदने में समझदारी नहीं है। ज्यादा 5जी बैंड्स को सपोर्ट करने वाले डिवाइस खरीदना बेहतर होगा। खरीदने से पहले चेक करें कि फोन किन 5जी बैंड्स को सपोर्ट करता है। ये बैंड्स डिवाइस के प्रोडक्ट पेज पर या वेबसाइट पर स्पेसिफि-केशंस सेक्शन में दिख जाएंगे। अच्छे 5जी कनेक्शन के लिए फोन में 8 से 12 के बीच 5जी बैंड्स होने चाहिए, जिससे सभी नेटवर्क्स पर 5जी सेवाएं मिलें। कई स्मार्टफोन्स 5जी टेक्नोलॉजी को सपोर्ट तो करते हैं लेकिन स्टैंडअलोन (एसए) नेटवर्क्स के लिए उनके सॉफ्टवेयर में कुछ सीमाएं हो सकती हैं। ऐसे स्मार्टफोन्स में ब्रैंड्स की ओर से अगले कुछ सप्ताह में ओवर द एयर (ओटीए) अपडेट्स देकर तय किया जाएगा कि यूजर्स को बिना किसी परेशानी के 5जी सेवाएं मिल सकें। फोन खरीदने से पहले तय करें कि उसे लंबे वक्त तक सॉफ्टवेयर अपडेट्स मिलते रहेंगे। स-ॉफ्टवेयर अपडेट्स तय करेंगे कि आपको लंबे समय तक न सिर्फ नए फीचर्स मिलते रहें, बल्कि डिवाइस में मौजूद नेटवर्क कनेक्टिविटी बग्स या फिर खामियों को फिक्स कर दिया जाएगा।

# सितंबर में विनिर्माण गतिविधियों में सुधार दर्ज किया गया: एसएंडपी सर्वे



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारत में विनिर्माण गतिविधियां सितंबर के महीने में आंशिक रूप से सुस्त पड़ने के बावजूद अच्छी स्थिति में बनी रहीं और कंपनियों ने नए कर्मचारियों की भर्ती की। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह आकलन पेश किया गया। एसएंडपी के वैश्विक भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक के सितंबर आंकड़ों के मुताबिक भारतीय विनिर्माण उद्योग की सेहत में तगड़ा सुधार देखा गया है। इस दौरान कंपनियों ने अपना उत्पादन बढ़ाने के साथ ही नए कर्मचारियों की भर्ती भी की। सितंबर में पीएमआई 55.1 पर रहा जो विनिर्माण गतिविधियों में विस्तार को दर्शाता है। यह लगातार 15वां महीना है जब विनिर्माण में सुधार दर्ज किया गया है। सितंबर का पीएमआई अगस्त के 56.2 की तुलना में थोड़ा कम रहा। एसएंडपी की पीएमआई सर्वेक्षण कहता है कि विनिर्माण विस्तार की दर अगस्त की तुलना में थोड़ा सुस्त पड़ने के बावजूद ऐतिहासिक रूप से ऊंचे स्तर पर बनी रही। बिक्री में बढ़त और उत्पादन बढ़ाने की जरूरत को पूरा करने के लिए कंपनियों ने अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती की। लागत मूल्य में कमी आने से कंपनियों की खरीद में बढ़त का रुख रहा। सर्वेक्षण के मुताबिक कंपनियों की विनिर्माण खरीद से जुड़ी लागत दो साल में सबसे धीमी रफ्तार से बढ़ी जबकि उत्पादन भार मुद्रास्फीति सात महीने के निचले स्तर पर आ गई। पीएमआई के 50 से अधिक रहने को विनिर्माण गतिविधियों में सुधार का संकेत माना जाता है जबकि इस सूचकांक के 50 से नीचे रहने को विनिर्माण उद्योग में सुस्ती का इशारा माना जाता है।

# ब्रिटेन सरकार ने की उच्च आय पर कर कटौती का फैसला वापस लेने की घोषणा

**लंदन (ईएमएस)।** ब्रिटेन की स-रकार ने विवाद गहराने के बाद पिछले महीने घोषित कर कटौती पैकेज के उस प्रावधान को वापस लेने की घोषणा की है जिसमें उच्च आय वर्ग पर कर की ऊंची दर में कटौती की बात कही गई थी। वित्त मंत्री क्वासी क्वार्टेंग ने कहा कि वह 1.5 लाख पौंड से अधिक आय पर 45 फीसदी की दर से आयकर लगने के प्रावधान को नहीं हटाएंगे। उन्होंने कहा कि हमने इस बारे में उठ रही आवाजों को सुन लिया है। दरअसल उच्च आय वाले तबके को आयकर की ऊंची दर से राहत देने की 10 दिनों पहले की गई घोषणा का व्यापक स्तर पर विरोध हो रहा था। इससे सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के संसद सदस्य भी खुश नहीं थे और वे सरकार पर इसे वापस लेने का लगातार दबाव डाल रहे थे। प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने एक दिन पहले ही अपनी सरकार की तरफ से घोषित कर कटौती योजना का पुरजोर बचाव करते हुए कहा था कि उनकी सरकार इस योजना पर आगे बढ़ना जारी रखेगी। हालांकि उन्होंने यह माना था कि इस फैसले के पहले थोड़ी जमीन तैयार कर लेनी चाहिए थी। ट्रस की सरकार ने पिछले 23 सितंबर को एक राहत पैकेज की घोषणा की थी जिसमें 45 अरब पौंड की कर कटौतियां भी शामिल थीं। इस घोषणा के बाद न सिर्फ ब्रिटिश बाजार में गिरावट देखी गई बल्कि डॉलर के मुकाबले पौंड की कीमत में भी खासी गिरावट आई है।



# क्रूड आइल का उत्पादन तीन प्रतिशत कम कर सकता है ओपेक प्लस

**– कच्चे तेल के दामों में होगी बढ़ोतरी**

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** कच्चे तेल उत्पादक देशों का समूह ओपेक प्लस क्रूड ऑयल के उत्पादन में 3 प्रतिशत या प्रतिदिन 10 लाख बैरल से अधिक की कटौती कर सकता है। ओपेक प्लस समूह के एक प्रतिनिधि ने बताया कि उम्मीद से ज्यादा कटौती इस बात को दशार्ती है कि मौद्रिक नीतियों के सख्त होने के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था तेजी से धीमी हो रही है। डॉलर के मजबूत होने के कारण भी कच्चे तेल की कीमत प्रभावित हुई है। हालांकि तेल के उत्पादन में कटौती पर फैसला मंत्रियों की बैठक के बाद ही लिया जाएगा। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में मंदी की आशंका के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में पिछले कुछ महीनों में बड़ी कमी देखने को मिली है। रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरूआत में कच्चे तेल की कीमत 125 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई थी, लेकिन अब यह घटकर 87 डॉलर के आसपास आ गई है। बता दें कच्चे तेल उत्पादन में कटौती करके सऊदी अरब, रूस और यूएई जैसे देश तेल की कीमत को 100 डॉलर के आसपास रखना चाहते हैं। 23 तेल निर्यातक देशों के समूह की बैठक बुधवार को ओपेक के वियना स्थित मुख्यालय में प्रस्तावित है।

ओपेक सचिवालय की ओर से जारी किए गए बयान के मुताबिक, यह ऑनलाइन होने वाली मासिक बैठक है। ओपेक ने 2022 के अंत तक केवल ऑनलाइन बैठक ही करने का फैसला किया है। अगर ओपेक प्लस इस महीने भी कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती का फैसला करता है, तो यह लगातार दूसरे महीने कच्चे तेल के उत्पादन में की जाने वाली कटौती होगी। पिछले महीने कच्चे तेल के उत्पादन करीब एक लाख बैरल प्रतिदिन की कमी की गई थी।

# सितंबर में महिंद्रा ने 34,508 यूनिट्स सेल की

**–168 पर्सेंट की दमदार इयर ऑन इयर ग्रोथ दर्ज**

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** सितंबर 2022 में स्वदेशी कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 34,508 यूनिट्स सेल की। इस तरह कंपनी ने 168 पर्सेंट की दमदार इयर ऑन इयर ग्रोथ दर्ज की। सितंबर 2021 में कंपनी ने सिर्फ 12,863 यूनिट्स सेल की थी। घरेलू एसयूवी निमार्ता ओवर ऑल सेल के मामले में चौथे स्थान पर रहा। 2021 में 2.9 प्रतिशत के मुकाबले 2.8 प्रतिशत की बढ़त के साथ बाजार हिस्सेदारी 9.7 प्रतिशत थी। अगस्त 2022 के पिछले महीने की तुलना में 29,615 यूनिट की बिक्री के साथ, एमओएम की बिक्री में 16.5 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और त्योहारी सीजन में बिक्री संख्या में और वृद्धि होने की उम्मीद है। ब्रांड ने कुछ दिनों पहले ही स्कॉर्पियो एन की डिलीवरी शुरू की थी और इसके हालिया लॉन्च जैसे एक्सयूवी700 और सेकेंड जेनेरेशन थार के लिए भी इसकी काफी मांग है। लाइफस्टाइल ऑफ-रोडर के 5 डोर मॉडल की वर्तमान में टेस्टिंग की जा रही है और व्यापक रूप से अगले कैलेंडर वर्ष में किसी समय में लॉन्च होने की सूचना है। टाटा नेक्सान ईवी को टक्कर देने वाली एक्सूयवी400 इलेक्ट्रिक एसयूवी ने भी हाल ही में अपनी शुरूआत की। यह उसी संगयांग टीवोली के एक्स100 प्लेटफॉर्म पर एक्सयूवी300 पर आधारित है, लेकिन यह लंबा है और इसमें बड़ा बूटस्पेस है। कुछ अन्य हाइलाइट्स में तीन ड्राइव मोड (फन, फास्ट और फियरलेस), फ्रीक्वेंसी-डिपेंडेंट डंपिंग, सिंगल पेडल टेक्नोलॉजी और 60+ कनेक्टेड फीचर्स शामिल हैं। जीरो से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार महज 8.3 सेकेंड में हासिल करने का दावा किया गया है। एक्सयूवी400 के ग्राहक परीक्षण ड्राइव दिसंबर 2022 में शुरू होंगे और डिलीवरी जनवरी 2023 के अंत तक शुरू हो जाएगी। महिंद्रा एक्सयूवी 400 में एक बार चार्ज करने पर 456 किमी की ड्राइविंग रेंज का दावा किया गया है और यह 39.4 केडब्ल्यू आईपी67-रेटेड बैटरी पैक करता है।

# मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा की डिलिवरी शुरू

**–कंपनी ने कुछ वक्त पहले की थी कीमत की घोषणा**

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** ऑटोमोबाइल सेक्टर की कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा की डिलिवरी शुरू कर दी है। कुछ समय पूर्व कंपनी ने इस मिड साइज एसयूवी की कीमत की घोषणा की थी। यह हुंडई क्रेटा, किआ सेल्टोस, वीडब्ल्यू ताइगुन, स्कोडा कुशाक, एमजी एस्टोर जैसी कारों से सीधी टक्कर लेगी। पांच सीटर सेगमेंट में इस एसयूवी की काफी डिमांड है। ग्रैंड विटारा कंपनी की लेटेस्ट डिजाइन लैंग्वेज के साथ आती है जिसमें एक डिवाइडेट हेडलैंप क्लस्टर और बोल्ड लुक वाला फ्रंट दिया गया है। अन्य बाहरी हाइलाइट्स में मस्कुलर बोनट स्ट्रक्चर, फ्रंट और रियर स्किड प्लेट्स, लंबा खंभों वाला एक बड़ा ग्रीनहाउस, स्लिम एलईडी टेल लैंप्स, 17-इंच डायमंड कट अलॉय व्हील्स, स्क्वायर-ऑफ व्हील आर्चेस, रेक्ड फ्रंट विंडशील्ड, ब्लैक फिनिश्ड पिलर, और जल्द ही। कार में स्मार्टप्ले प्रो+ कनेक्टिविटी के साथ 9 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, ऐप्पल कारप्ले और एंड्रॉइड ऑटो ,ऑटोमेटिक क्लाइमेट कंट्रोल, क्रूज कंट्रोल जैसे फीचर्स भी दिए गए हैं। इंटीरियर मनोरंजन, आराम, सुरक्षा, कनेक्टिविटी से संबंधित कई फीचर्स दिए गए हैं। मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा प्रसिद्ध ग्लोबल सी आर्किटेक्चर पर आधारित है और इसमें एक अच्छा केबिन स्पेस और बूट वॉल्यूम है।




# सड़क परियोजनाओं के लिए 2,500 करोड़ जुटाएगी सरकार

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** सरकार तीन सड़क परियोजनाओं के लिए लगभग 2,500 करोड़ रुपए की राशि जुटाने के लिए इस महीने पूंजी बाजार का रुख करेगी। स-रकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह राशि अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) के जरिये जुटाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस राशि का इस्तेमाल तीन सड़क परियोजनाओं के वित्तपोषण में किया जाएगा। इनविट्स के जरिये निवेशक ढांचागत क्षेत्र की परियोजनाओं में लगने वाले ट्रस्ट में भागीदारी करते हैं। इनविट्स ऐसी ढांचागत परिसंपत्तियों में निवेश करते हैं जिनमें लंबे समय तक नकदी प्रवाह बना रहेगा। पिछले साल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की तरफ से लाए गए पहले इनविट ने 5,000 करोड़ रुपए से अधिक पूंजी जुटाई थी।



# एमजी झेड ईवी एक्साइट बेस वेरिएंट की कीमतों की घोषणा


**–एक्साइट और एक्सक्लूसिव ट्रिम्स समान बैटरी पैक से है लैस**

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** कंपनी एमजी मोटर इंडिया ने अब एमजी झेड ईवी एक्साइट बेस वेरिएंट की कीमतों की घोषणा की है। एमजी झेड ईवी एक्साइट और एक्सक्लूसिव ट्रिम्स समान 50.3केडब्लूएच बैटरी पैक से लैस हैं। सिंगल चार्ज करने पर 461केएम की ड्राइविंग रेंज मिलती है। कार इलेक्ट्रिक मोटर बैटरी से पावर्ड है जो 174बीएचपी और 280एनएम का टार्क जेनेरेट करती है। यह 8.5 सेकंड में 0-100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार हासिल करने का दावा करता है। बेस वेरिएंट स्मार्टफोन कनेक्टिविटी के साथ टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 360 डिग्री कैमरा, क्लाइमेट कंट्रोल, हिल डिसेंट कंट्रोल, रियर एयर कंडीशनिंग वेंट्स और नई आई-स्मार्ट कनेक्टेड कार फीचर्स जैसी सुविधाओं से लैस है। टॉप-स्पेक एक्सक्लूसिव वेरिएंट में पैनोरमिक सनरूफ, वायरलेस चार्जर, रियर ड्राइवर असिस्ट और अन्य मिलते हैं। नया मॉडल म-हिंद्रा एक्सयूवी400 और टाटा नेक्सान ईवी मेक्स को टक्कर देगा। बता दें कि 2022 की श-ुरूआत में एमजी मोटर इंडिया ने देश में नया जेडएस ईवी फेसलिफ्ट लॉन्च किया था। इलेक्ट्रिक एसयूवी को दो वेरिएंट में पेश किया गया थाझएक्साइट और एक्सक्लूसिव हालाँकि, केवल टॉप-स्पेक एक्सक्लूसिव वेरिएंट बिक्री पर था।




## दैनिक पंचांग

**04 अक्टूबर 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.55 बजे से |
| चंद्र | मकर में | वृश्चिक | 09.09 ब.से |
| मंगल | वृष में | धनु | 11.25 बजे से |
| बुध | कन्या में | मकर | 13.31 बजे से |
| गुरु | मीन में | कुंभ | 15.17 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मीन | 16.50 बजे से |
| शनि | मकर में | मेष | 18.21 बजे से |
| राहु | मेष में | वृष | 20.01 बजे से |
| केतु | तुला में | मिथुन | 21.59 बजे से |
| राहुकाल | 3.00 से 4.30 बजे तक | कर्क | 00.12 बजे से |
| | | सिंह | 02.28 बजे से |
| | | कन्या | 04.40 बजे से |

**मंगलवार** 2022 वर्ष का 277 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944
**मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 14.21 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 22.51 बजे को समाप्त।
**योग** अतिगण्ड 11.23 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 14.21 बजे तदनन्तर तैतिल 01.11 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 08.1 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 04° 15'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871391
**जूलियन दिन** 2459856.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2548
**हिजरी सन्** 1444 **महीना** रवि उलावल
**तारीख** 07 **विशेष** सरस्वती विसर्जन, सरस्वती बलिदान, महा नवमी, आयुध पूजा, बुद्ध जयंती, विश्व पशु दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ **Jagrutidaur.com, Bangalore**

# इंडिया में खासी लोकप्रिय हो रही एडवेंचर बाइक्स

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** आजकल एडवेंचर बाइक्स इंडिया में खासी लोकप्रिय होने लगी हैं। कंपनियों ने भी इस तरफ ध्यान दिया है। देसी कंपनियों के साथ ही कुछ विदेशी कंपनियों को भी इस बात ने अट्रैक्ट किया है और भारतीय बाजार में 2023 तक पांच बड़ी ही खास और दमदार एडवेंचर बाइक्स दस्तक देने जा रही हैं। रॉयल एन्फील्ड का बुलेट के बाद सबसे ज्यादा पॉपुलर रहा मॉडल हिमालयन ही था। ये एक ऑफ रोड एडवेंचर बाइक है। कंपनी अब इसके एक नए वेरिएंट को लॉन्च करने का प्लान कर रही है। हालांकि कंपनी ने इसको लेकर कोई भी घोषणा नहीं की है लेकिन सूत्रों के अनुसार ये मोटरसाइकिल अगले साल की शुरूआत में लॉन्च हो सकती है। इसमें 450 सीसी का लिक्विड कूल्ड इंजन देखने को मिल सकता है जो पहले हिमालयन में आ रहे 500 सीसी के इंजन से काफी रिफाइंड होगा। एक दशक से भी ज्यादा समय से मार्केट में अपनी पकड़ बनाए हुए हीरो पल्स की कई जनरेशन हम देख चुके हैं। अब हीरो मोटोकार्प पल्स को बिल्कुल नए इंजन के साथ पेश करने की तैयारी कर रहा है। जैसा की हीरो के लिए पॉपुलर है कि कंपनी अफोर्डेबल मोटरसा-इकिल लॉन्च करती है, पल्स में भी यही देखने को मिलेगा। एक्स पल्स का ये एक वीएफएम पैकेज होगा। जानकारी के अनुसार इसमें 421 सीसी का इंजन होगा और ये 2023 मार्च के बाद इंडियन बाजार में दस्तक दे सकती है। टीवीएस की स्कूटर और मोपेड मार्केट में कभी रही बादशाहत के दिन लौटाने के लिए कंपनी एक बार फिर खास मोटरसाइकिल लॉन्च करने की तैयारी में है। अपाचे की सफलता के बाद अब कंपनी पावर पैक्ड इंजन की तरफ ध्यान दे रही है और अपनी नई बाइक टीवीएस 310 एडीवी पर काम कर रही है।

इस बाइक को अगर ये कहा जाए कि ये कुछ कुछ बीएमडब्ल्यू की जी310 जीएस के प्लेटफॉर्म को देखते हुए बनाई जा रही है तो गलत नहीं होगा। इस मोटरसाइकिल की खासियत इसका 312.2 सीसी का फायरक्रैकर इंजन होगा जो 33.52 बीएचपी की पावर और 27.3 एनएम का टॉर्क जनरेट करेगा। बिलो 500 सीसी सेग्मेंट को तगड़ी टक्कर देने के लिए मोटो मोरिनी अपनी मोटरसाइकिल एक्स केप 650 एक्स को लॉन्च करने जा रहा है। ये मोटरसाइकिल अपने लुक्स को लेकर दुनिया भर में फेमस है। इसमें 650 सीसी का इंजन मिलेगा और ये दो वेरिएंट्स में उपलब्ध होगी। एक वेरिएंट प्योर ऑफरड्र्स के लिए होगा और दूसरा हाईब्रिड स्टाइल। भारतीय कंपनियों के साथ ही इस बाजार को विदेशी कंपनियों ने भी अपने लिए मुफीद समझा है और इंडिया में जल्द ही जोनेट्स की मोटरसाइकिल लॉन्च हो जाएगी। जोनेट्स अपनी इंडिया में अपनी पहली मोटरसाइकिल एक एडवेंचर बाइक लॉन्च करने की योजना बना रहा है। इसकी खासियत इसका 5 इंच का कल टीएफटी, एलईडी हेडलैंप और ड-ीआरएल होगा जो इसके लुक्स को यूनीक बनाएगा। इसमें 348 सीसी लिक्विड कूल्ड, सिंगल सिलेंडर इंजन पावर देगा। जो 38 एचपी की पावर और 32 एनएम का टॉर्क जनरेट करेगा।

# बजाज ऑटो की बिक्री सितंबर में दो फीसदी घटकर 3,94,747 इकाई रही

**नई दिल्ली, (हि.स)।** निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी दुपहिया वाहन निमार्ता कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड की बिक्री सितंबर में दो फीसदी घटकर 3,94,747 इकाई रही। कंपनी ने रेग्युलेटरी फाइलिंग में यह जानकारी दी है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में सोमवार को बताया कि सितंबर महीने में उसकी कुल बिक्री एक साल पहले की तुलना में दो फीसदी घटकर 3,94,747 इकाई रही है, जबकि सितंबर 2021 में उसने कुल 4,02,021 वाहनों की बिक्री की थी। इसी तरह दोपहिया वाहनों की बिक्री चार फीसदी घटकर 3,48,355 इकाई रही, जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 3,61,036 इकाई का था। कंपनी के जारी बयान के मुताबिक सितंबर महीने में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 13 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी ने बताया कि सितंबर में 46,392 वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री हुई है, जो एक साल पहले की इसी अवधि में 40,985 इकाई रही थी। इस दौरान कंपनी का वाहन निर्यात 33 फीसदी गिरकर 1,40,083 इकाई पर आ गया है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी ने 2,09,673 वाहनों का निर्यात किया था। उल्लेखनीय है कि देश की सबसे बड़ी दुपहिया वाहन निमार्ता कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड, बजाज समूह का हिस्सा है। कंपनी का मुख्यालय महाराष्ट्र के पुणे और संयंत्र चाकण (पुणे), वालुज (औरंगाबाद) एवं पंतनगर (उत्तराखण्ड) में स्थित है। बजाज ऑटो लिमिटेड स्कूटर, मोटरसा-इकल, ऑटो रिक्शा और मोटर-वाहन आदि का निर्माण एवं निर्यात भी करता है।



DELHI CRIME 4 oct 2022:Layout 1 10/3/2022 6:46 AM Page 6



# टी-20 क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में 50 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने सूर्यकुमार यादव



**गुवाहटी, (हि.स.)।** भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टी-20 क्रिकेट में एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है। सूर्या क्रिकेट के इतिहास में एक कैलेंडर वर्ष में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में 50 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। वह गुवाहाटी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान इस मुकाम तक पहुंचे। मैच में सूर्या ने सिर्फ 22 गेंदों में शानदार 61 रन बनाए। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने पांच चौके और पांच छक्के लगाया। अब सूर्यकुमार के नाम 2022 कैलेंडर ईयर में कुल 50 छक्के हैं। वहीं, पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान 42 छक्कों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के अनुभवी सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल 2021 कैलेंडर वर्ष के दौरान 41 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट पर 237 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारत के लिए सूर्यकुमार यादव और केएल राहुल ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए क्रमशः 61 और 57 रन बनाए। इन दोनों के अलावा विराट कोहली ने नाबाद 49, कप्तान रोहित शर्मा ने 43 और दिनेश कार्तिक ने नाबाद 17 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से केशव महाराज ने 2 विकेट लिए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 221 रन बनाए। डेविड मिलर ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए नाबाद 106 रन बनाए, जबकि क्विंटन डी कॉक ने नाबाद 69 रन बनाए। वहीं, एडेन मार्करम ने 33 रनों की पारी खेली। भारत की तरफ से अर्शदीप सिंह ने 2 व अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिया। भारत ने यह मैच 16 रन से जीता।

# एडम गिलक्रिस्ट के पांच शीर्ष टी20 खिलाड़ियों की सूची में हार्दिक पांड्या शामिल



**सिडनी, (हि.स.)।** महान ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एडम गिलक्रिस्ट ने आज दुनिया के पांच शीर्ष टी20 खिलाड़ियों की अपनी सूची में भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या को शामिल किया है। गिलक्रिस्ट का ऑस्ट्रेलिया के लिए एक उल्लेखनीय सफेद गेंद करियर था रहा है, वह तीन क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने बल्ले और विकेटकीपिंग दस्ताने दोनों के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया है। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को अपने पांच अलग-अलग देशों के खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर रखा है। आईसीसी.कॉम ने गिलक्रिस्ट के हवाले से कहा, "डेविड वार्नर मेरी सूची में सबसे ऊपर हैं। मुझे लगता है कि पारी की शुरूआत में उनका आक्रामक रवैया टीम का लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। पिछले टी20 विश्व कप से उनमें जो आत्मविश्वास है, वह गजब का है।" पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को दूसरे स्थान पर रखते हुए, गिलक्रिस्ट ने कहा, "सभी प्रारूपों में उनकी बहुमुखी प्रतिभा है, मुझे लगता है कि वह सभी परिस्थितियों में वास्तव में अच्छी तरह से खेल सकता है।" गिलक्रिस्ट ने भारत के स्टार हार्दिक पांड्या को तीसरे नंबर पर रखा और ऑलराउंडर को एक शानदार खिलाड़ी बताया। पांड्या ने इस साल बल्ले और गेंद दोनों के साथ शानदार प्रदर्शन किया है। पिछले कुछ महीनों में, उन्हें कई पूर्व खिलाड़ियों से काफी सराहना मिली है। गिलक्रिस्ट ने कहा, "पांड्या काफी शानदार शख्सियत हैं। बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण और मनोरंजन करने की उनकी क्षमता, काफी बेहतरीन है।" गिलक्रिस्ट ने अफगानिस्तान के राशिद खान को सूची में चौथा नाम दिया और कहा, "उन्हें दुनिया के किसी भी टी 20 टीम में होना चाहिए। पिछले एक दशक में, राशिद ने दुनिया भर में शानदार प्रदर्शन किया है, वह इस प्रारूप में क्रिकेटर ऑफ द ईयर हैं।" गिलक्रिस्ट ने इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर को पांचवें स्थान पर रखते हुए कहा, "मुझे पता है कि यह थोड़ा भारी है, लेकिन मेरे लिए जोस बटलर पांचवें स्थान पर हैं।"

# रजनीश बने इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के अनुशासनात्मक समिति सदस्य

**बेगूसराय, (हि.स.)।** वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के बेगूसराय जिलाध्यक्ष रजनीश भास्कर को इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के अनुशासनात्मक समिति का सदस्य बनाया गया है। नेशनल गेम्स 2022 के दौरान इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहदेव यादव ने फेडरेशन के पांच सदस्यीय अनुशासनात्मक समिति की घोषणा किया है। जिसमें राष्ट्रीय महासचिव एच.एस. आनंद गोडा को समिति का चेयरमैन एवं बिहार से रजनीश भास्कर, पश्चिम बंगाल से चंदन राय चौधरी, कर्नाटका से श्यामला सेठी एवं गुजरात से मयूर पटेल को सदस्य नियुक्त किया गया है। उक्त समिति का कार्यकाल 2025 तक होगा, जिसका मुख्य काम वेटलिफ्टिंग खेल में अनुशासन को बनाए रखना होगा। यदि वेटलिफ्टिंग के किसी भी खिलाड़ी, कोच, रेफरी, पदाधिकारी के अनुशासनहीनता के संबंध में कोई शिकायत आती है तो उस पर आवश्यक सुनवाई और कार्रवाई करना इस समिति का मुख्य काम होगा।

रजनीश भास्कर पेशे से वकील हैं एवं बिहार के एकमात्र वेटलिफ्टिंग के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय रेफरी हैं, जो इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी हैं। रजनीश भास्कर पिछले सात वर्षों से बेगूसराय जिला वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के निर्वाचित अध्यक्ष एवं बिहार भारोत्तोलक संघ के उपाध्यक्ष भी हैं। वेटलिफ्टिंग के इतिहास में भास्कर बिहार के प्रथम व्यक्ति हैं, जिन्हें राष्ट्रीय अनुशासनात्मक समिति का सदस्य बनाया गया है। इस नियुक्ति पर बिहार भारोत्तोलक संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार केसरी, महासचिव सुरेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार, फिल्म अभिनेता अमित कश्यप, फिल्म निमार्ता दिनकर भारद्वाज, जिला खेल संयोजक विश्वजीत कुमार, क्रीड़ा भारती के जिला मंत्री रणधीर कुमार, गौरव कुमार एवं भूपति गौतम सहित बेगूसराय जिले के अन्य खेल प्रेमी, पदाधिकारियों ने बधाई दिया है।

## महिला एशिया कप : पाकिस्तान ने दर्ज की दूसरी जीत, बांग्लादेश को 9 विकेट से हराया

**सिलहट, (हि.स.)।** पाकिस्तान ने महिला एशिया कप में दूसरी जीत दर्ज करते हुए मेजबान बांग्लादेश को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। अपने पहले मैच में मलेशिया को केवल 59 रनों पर रोकने वाली पाकिस्तानी टीम ने एक बार फिर बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को 20 ओवर में 8 विकेट पर केवल 70 रनों पर रोक दिया। बांग्लादेश के लिए सलमा खातून ने सर्वाधिक 24 रन बनाए। खातून के अलावा कप्तान निगार सुल्ताना ने 17 और लता मोंडल ने 12 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से दिआना बेग और निदा दार ने 2-2 व सादिया इकबाल और ओमैमा सोहेल ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में पाकिस्तान ने 12.2 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 72 रन बनाकर मैच जीत लिया। पाकिस्तान की तरफ से सिदरा अमीन ने नाबाद 36 और बिस्माह फहरूफ ने नाबाद 12 रन बनाए।

# भारत के लिए पदार्पण करना मेरा सबसे बड़ा सपना : मोहम्मद राहील मौसीन



**बेंगलुरु, (हि.स.)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग के नए सत्र के लिए अपनी तैयारी शुरू करते हुए आज राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में लौट आई। इस साल की शुरूआत में लुसाने में एफआईएच हॉकी फाइव ए साइड के लिए भारतीय टीम का हिस्सा बनने के बाद, मोहम्मद राहील मौसीन भारतीय पुरुष हॉकी कोर ग्रुप में एक नियमित खिलाड़ी बन गए हैं। राहील 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाने पर उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, "आप जानते हैं कि जब आप अपने सपने के करीब होते हैं, तो बेचैनी, उत्तेजना, भावनाओं का एक पूरा तूफान आपको मिलता है। मुझे लगा कि 33 के लिए चुने जाने का यह मेरा आखिरी मौका था और मैंने यह सुनिश्चित करने के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की कि मैं इस अवसर को अपने हाथों से न जाने दूं। हॉकी इंडिया सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद बेंगलुरु के खिलाड़ी को पहली बार जनवरी 2022 में सीनियर नेशनल कैंप में चुना गया था, जहां उन्हें प्लेयर ऑफ द टूनामेंट और हाईएस्ट गोल स्कोरर चुना गया था। जब उनसे भारतीय टीम के लिए पदार्पण करने के अवसरों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मैं सभी को यह दिखाने के लिए एक मौके का इंतजार कर रहा हूं कि मैं कैसे खेलता हूं और मैं अपने खेल पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं। पिछला एक साल मेरे लिए सीखने का बहुत अच्छा अनुभव रहा है और मैं निश्चित रूप से अपने प्रदर्शन को अगले स्तर तक ले जाने के लिए होड़ में हूं।

निश्चित रूप से भारत के लिए पदार्पण करना मेरा सबसे बड़ा सपना है और जगह बनाने के लिए कोर ग्रुप के भीतर काफी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है।" राहील ने हॉकी कैलेंडर के सबसे बड़े आयोजन, एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप से पहले समूह में सकारात्मक माहौल के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, "समूह में हर कोई अगले तीन महीनों की प्रतीक्षा कर रहा है। यह हॉकी कैलेंडर में सबसे बड़ी घटना के लिए एक शानदार निर्माण होने जा रहा है और समूह के भीतर हर एक खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए बहुत उत्साहित है।" राहील का मानना है कि घर में एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने से टीम और खिलाड़ियों को विश्व कप में सही गति और आत्मविश्वास मिलेगा। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से आगामी एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने पर तत्काल ध्यान दिया जाएगा क्योंकि हम विश्व कप में अपना आत्मविश्वास बनाना चाहते हैं ताकि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। विश्व कप जीतने से बेहतर कोई एहसास नहीं है और पूरी टीम उस लक्ष्य के लिए काम कर रही है।

# खेल को बेहतर बनाने में लगी है नवनीत



**बेंगलुरु (ईएमएस)।** भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड नवनीत कौर ने कहा है कि वह आगामी पेरिस ओलंपिक को देखते हुए अपने खेल को बेहतर करने पर ध्यान दे रही है। नवनीत के अनुसार अगले साल एशियाई खेल भी होने हैं। इस खिलाड़ी ने कहा कि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल उनके लिए एक अच्छा अभियान था, क्योंकि उन्होंने 16 साल के बाद कांस्य पदक जीता था। इस फारवर्ड खिलाड़ी ने कहा कि वह आगे बढ़ने वाली टीम में अपने को बड़ी भूमिका निभाते हुए देखना चाहती हैं। नवनीत ने कहा, मुझे अपने गेम में सुधार करने की आवश्यकता है, जिससे मैं गेंद को नियंत्रित करने में बेहतर हो सकूं और बदले में खेल की गति को नियंत्रित करने में सक्षम हो सकूं, क्योंकि तब मैं अपनी गति से खेल सकती हूं और हालातों के अनुसार अपने गेम को चला सकती हूं। राष्ट्रमंडल खेलों के अभियान को लेकर उन्होंने कहा, पदक जीतने पर हमें बहुत खुशी हुई है, भले ही हमारी टीम सेमीफाइनल में हार के बाद थोड़ा निराश महसूस कर रही थी। टीम में सभी को कांस्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करते हुए देखना विशेष था। नवनीत ने यह भी कहा कि टीम बड़े आयोजनों को देखते हुए बेहतर समन्वय और फिनिशिंग पर भी काम कर रही है।

# धोनी का ये रिकार्ड इस बार भी रहेगा बरकरार



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी का इस बार भी एक रिकार्ड बना रहेगा। धोनी ऐसे एकमात्र कप्तान हैं जिनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने टी20 और एकदिवसीय विश्वकप जीते हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 8वें टी20 वर्ल्ड कप में एक भी ऐसा कप्तान नहीं हैं जिससे ये दोनो ही कप जीते हों। भाग ले रही टीमों के एक भी कप्तान ने अब तक विश्वकप नहीं जीता है। ऐसे में कोई धोनी के करीब नहीं पहुंचेगा। वेस्टइंडीज के डेरेन सैमी ने बतौर कप्तान सबसे अधिक दो बार टी20 विश्व कप का खिताब जीता है। इंग्लैंड के पॉल कोलिंगवुड, ऑस्ट्रेलिया के आरोन फिंच, श्रीलंका के लसिथ मलिंगा और पाकिस्तान के यूनुस खान ने बतौर कप्तान एक-एक बार ही टी20 विश्वकप जीता है। वहीं एकदिवसीय विश्व कप दो-दो बार जीतने वाले कप्तान हैं वेस्टइंडीज के कप्तान क्लाइव लॉयड और ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग जबकि ऑस्ट्रेलिया के एलेन बॉर्डर, माइकल क्लार्क, पाकिस्तान के इमरान खान, भारत के कपिल देव और श्रीलंका के अर्जुन रणतुंगा और ऑस्ट्रेलिया के ही स्टीव वॉ ने एक-एक बार एकदिवसीय विश्व कप जीता है। धोनी टी20 विश्व कप में कप्तान के तौर पर सबसे अधिक मैच जीतने वाले कप्तान हैं। 33 मैच में कप्तानी करते हुए 20 में जीत हासिल की जिसमें टीम को 11 में हार का सामना करना पड़ा है, वहीं एक मैच टाई रहा है। वेस्टइंडीज के डेरेन सैमी 18 में से 11 मैच जीतकर दूसरे नंबर जबकि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने भी 16 में से 11 मैच जीते हैं। स्मिथ और सैमी बतौर कप्तान 11-11 मैच जीतकर संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं।

# 7 अक्टूबर से शुरू होगा प्रो कबड्डी लीग



**मुम्बई (ईएमएस)।** अगले माह 7 अक्टूबर 2022 से प्रो कबड्डी लीग का नौवां सत्र शुरू हो रहा है। इस सत्र का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बार टीमों में भी कई बदलाव दिखेंगे। पिछले सत्र में बेंगलुरु बुल्स की तरफ से खेलने वाले पवन सहरावत इस बार तमिल थलाइवाज की तरफ से खेलेंगे। टीम ने पवन सहरावत को रिकॉर्ड 2.26 करोड़ में खरीदा है। इस प्रकार सहरावत प्रो कब्बडी लीग इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गये हैं। साथ ही वह सत्र 9 में 2 करोड़ से अधिक की कीमत पर बिकने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। सहरावत के अलावा दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे हैं विकास खंडोला हैं जिन्हें बेंगलुरु बुल्स ने 1.70 करोड़ रुपए में खरीदा है। उसके बाद गुमान सिंह को मुंबा ने 1.22 करोड़ रुपए की बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया। इसके बाद प्रदीप नरवाल का नाम आता है। नरवाल को यूपी योद्धा ने 90 लाख रुपये में खरीदा है। वहीं सचिन को पटना पाइरेट्स ने 81 लाख रुपए में खरीदा है। कब्बडी लीग आने से इस खेल के खिलाड़ियों को भी मोटी रकम मिलने लगी है।

# पंड्या की चैंपियंस ट्रॉफी वाली पारी को नहीं भूले हैं श्रीधर



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर ने कहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 43 गेंदों में 76 रनों की हार्दिक पंड्या की पारी उन्हें बेहद पसंद आयी थी। हार्दिक ने सर्जरी से उबरने के बाद वापसी करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी कप्तानी में गुजरात टाइटंस को जीत दिलायी थी।

अब टीम उनसे ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में भी उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है। पंड्या ने चोट से पहले साल 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी में पाक पाकिस्तान के खिलाफ 43 गेंदो में 76 रनों की तूफानी पारी खेली थी। हार्दिक की उस पारी के कई लोग दीवाने हुए हुए उनमें श्रीधर भी शामिल हैं। उन्होंने उस पारी को याद कर पंड्या की जमकर तारीफ की है. पूर्व फील्डिंग कोच श्रीधर ने कहा, हार्दिक को लगा था कि वह उस दिन टीम को जीत दिला सकते हैं। तब जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहे थे, वह पूरी लय में थे। हार्दिक का मानना था कि वह और जडेजा मिलकर मैच जिता सकते हैं पर किस्मत ने साथ नहीं दिया पर इस प्रदर्शन से पंड्या ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। चैंपियंस ट्रॉफी 2017 के फाइनल में टीम इंडिया को 339 रनों का विशाल लक्ष्य मिला था। तब भारतीय टीम ने 54 रनों पर ही 5 विकेट खो दिए थे। पांड्या ने 43 गेंदो में 76 रनों की तूफानी पारी खेली पर वह रन आउट हो गये।



सिंगापुर ग्रां प्री में जीत के बाद उत्साहित रेड बुल के सर्जियो पेरेज और रेस इंजीनियर हुग बर्ड। ० (फोटो-ईएमएस)

## हमारी गेंदबाजी कमजोर रही : बावुमा

**गुवाहाटी (ईएमएस)।** दूसरे टी20 में भी मिली हार से निराश दक्षिण अफ्रीकी कप्तान तेम्बा बावुमा ने इसके लिए अपनी टीम की कमजोर गेंदबाजी को जिम्मेदार बताया है। बावुमा ने हालांकि तेजी से शतक लगाने वाले अपने बल्लेबाज डेविड मिलर की जमकर तारीफ की और कहाकि इसी कारण उसे इस प्रारुप का सबसे बेहतर बल्लेबाज कहा जाता है। बावुमा ने कहा, गेंद के साथ हमारा प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ नहीं था। हम अपनी योजनाओं पर अमल नहीं कर पाये। अब इसे सही प्रकार से लागू करने के लिए हमें आपस में बातचीत करनी होगी। वाबुमा ने साथ ही कहा, हम सोच रहे थे कि लक्ष्य हासिल कर लेंगे पर 240 बहुत ज्यादा था। मिलर का प्रयास दिखाता है कि सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाजों में से एक किस कारण से है।

# बुमराह की चोट हमारे लिए चिंता की बात : रोहित

## -अंतिम ओवरों में और बेहतर गेंदबाजी करनी होगी



**गुवाहाटी (ईएमएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमाराह का चोटिल होना हमारे लिए चिन्ता का विषय है। साथ ही कहा कि हमें अंतिम ओवरों में और बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। भारतीय टीम ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। दूसरे टी20 में सूर्यकुमार यादव और लोकेश राहुल के अर्धशतकों से भारतीय टीम से आसानी से जीत हासिल कर ली है। इस मैच में भारतीय टीम को गेंदबाजी के दौरान बुमराह की कमी महसूस हुई। इसका कारण है कि अंतिम दो ओवरों में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 46 रन बटोर लिए। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज डेविड मिलर ने तूफानी पारी खेलते हुए 47 गेंद में नाबाद 106 रन बनाये। रोहित ने कहा, बुमराह की चोट हमारे लिए चिंता करने वाली बात है। हमें आखिरी ओवरों की गेंदबाजी पर ध्यान देना है। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा पहलू है जहां विश्वकप से पहले हमें सुधार करना होगा। इस कमी को भरने के लिए हम अतिरिक्त रन बनाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने सूर्यकुमार की भी जमकर प्रशंसा की ओर कहा कि अगले मैच में भी उन्हें ही पहले बल्लेबाजी के लिए भेजेंगे। भारतीय टीम टी20 विश्व कप में 23 अक्टूबर को पाकिस्तान से खेलेगी।

# कॉम्बैट हेलिकॉप्टर्स भारतीय वायुसेना में शामिल



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय वायुसेना के बेड़े में देश का पहला स्वदेशी विमान जुड़ गया है। 10 लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर्स का पहले बैच वायुसेना में शामिल हो गया है। विमानों का यह बेड़ा भारतीय फोर्स की ताकत को न सिर्फ बढ़ाएगा, बल्कि पाकिस्तान और चीन की सीमाओं पर दुश्मन का खात्मा करने में भी सक्षम होगा। हल्के वजन वाले इन विमानों की मदद से सेना सीमाओं पर आसानी से मिसाइल और अन्य हथियारों को ले जा सकेगी और दुश्मन का पलभर में खात्मा कर सकेगी। इन विमानों को खास ऊंचाई वाले इलाकों में खास ऑपरेशन के लिए बनाया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी की उपस्थिति में जोधपुर में विमानों का यह बेड़ा वायुसेना में शामिल हो गया। इन खास किस्म के विमानों को एयरोस्पेस प्रमुख हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है। इन्हें मुख्य रूप से उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनाती के लिए डिजाइन किया गया है। यही वजह है कि इन स्वदेशी लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल सीमाओं पर उन जगहों पर भी किया जाएगा, जहां फाइटर जेट का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता वायुसेना के अधिकारियों ने का कहना है कि एलसीएच 'एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर' ध्रुव से समानता रखता है। इसमें कई में 'स्टील्थ' (राडार से बचने की) विशेषता, बख्तरबंद सुरक्षा प्रणाली, रात को हमला करने और आपात स्थिति में सुरक्षित उतरने की क्षमता है। इस खासियत से ये अत्याधुनिक विमान रात के अंधेरे में दुश्मन को पता लगे बिना खात्मा करने में माहिर है। अधिकारियों ने कहा है कि 5.8 टन वजनी दो इंजन वाले लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर्स का पहले ही विभिन्न हथियारों से फायरिंग परीक्षण पूरा किया जा चुका है। इससे पहले मार्च में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) ने 3,887 करोड़ रुपये की लागत से 15 स्वदेशी रूप से विकसित लिमिटेड सीरीज प्रोडक्शन (एलएसपी) एलसीएच की खरीद को मंजूरी दी थी। रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि 10 हेलीकॉप्टर भारतीय वायुसेना के लिए और पांच भारतीय सेना के लिए होंगे। अधिकारियों के अनुसार, इन स्वदेशी हेलिकॉप्टरों में कई खासियत हैं जो सेना को युद्ध के दौरान काफी सहायता दे सकते हैं। दुश्मन की खोज और खुद के बचाव (सीएसएआर), दुश्मन की वायु रक्षा (डी-ईएडी) को नष्ट करने और आतंकवाद विरोधी ( सीआई) संचालन इसकी खूबियों में है। इन हेलीकॉप्टरों को ऊंचाई वाले बंकर-बस्टिंग ऑपरेशन, जंगलों और शहरी वातावरण में आतंकवाद विरोधी अभियानों के साथ-साथ जमीनी बलों की मदद करने के लिए भी तैनात किया जा सकता है।

## नए प्रधानमंत्री आवास के लिए निविदा खुली 360 करोड़ होगी लागत

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** केंद्र ने राष्ट्रपति भवन और साउथ ब्लॉक से सटे सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के हिस्से के रूप में नए प्रधानमंत्री आवास के निर्माण के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के हिस्से के रूप में निविदा दी जाने वाली यह छठी परियोजना है। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) ने निर्माण और 5 वर्षों के लिए रखरखाव की लागत के साथ इस कार्य में ₹360 करोड़ का अनुमान लगाया है। नया प्रधानमंत्री आवास ग्राउंड प्लस एक मंजिला भवन होगा। इसी में प्रधान मंत्री का गृह कार्यालय, गेस्ट हाउस, एसपीजी कार्यालय, सहायक स्टाफ क्वार्टर, सीपीडब्ल्यूडी कार्यालय और सेवा सदन और एक बेसमेंट पार्किंग स्थल आदि शामिल होंगे। परिसर में चार प्रवेश / निकास द्वार और 25 वॉच टावर होंगे। पीएम के नए आवास में दो ब्लॉक ए और बी होंगे जो डीआरडीओ कॉम्प्लेक्स के सामने दारा शिकोह रोड पर स्थित होंगे। निविदा दस्तावेजों के अनुसार, साइट अत्यधिक सुरक्षित क्षेत्र में है। प्रस्तावित भवन रीइन्फोर्स्ड सीमेंट कंक्रीट फ्रेम्ड स्ट्रक्चर बिल्डिंग के होंगे। ब्लॉक ए और बी में मौजूदा संरचनाओं को नए निर्माण की शुरूआत से पहले ध्वस्त किया जाना है।

मौजूदा चारदीवारी को भी गिराने की जरूरत है और नई चारदीवारी का निर्माण विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए डिजाइन और ड्राइंग के अनुसार किया जाएगा। प्री-क्वालिफिकेशन बिड 14 अक्टूबर को खोली जाएगी। जिस निर्माण कंपनी को काम दिया जाएगा, उसे पेड़ लगाने और उपयोगिताओं की शिफ्टिंग की योजना बनानी होगी। निविदा दस्तावेजों के मुताबिक, आवश्यकता के अनुसार वृक्षारोपण किया जाना है और मौजूदा सेवाओं, यदि कोई हो, को डायवर्ट किया जाना है। इसमें 5 साल के लिए सभी सिविल और इलेक्ट्रिकल सेवाओं और हाउसिंग कीपिंग का निर्माण, संचालन और रखरखाव भी शामिल होगा। सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के हिस्से के रूप में निविदा दी जाने वाली यह छठी परियोजना है। केंद्रीय आवास और शहरी विभाग के अधिकारी के अनुसार, सेंट्रल विस्टा एवेन्यू का उद्घाटन प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने किया था, संसद भवन का काम नवंबर तक पूरा होने की संभावना है। तीन सामान्य केंद्रीय सचिवालय भवनों के निर्माण का कार्य चल रहा है। वहीं, कार्यपालक एन्क्लेव का कार्य अभी तक आवंटित नहीं किया गया है।

## विदेश मंत्री 5-11 अक्टूबर तक न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 5 से 11 अक्टूबर तक न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेंगे। विदेश मंत्री की यह न्यूजीलैंड की पहली यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ऑकलैंड में 6 अक्टूबर को न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न के साथ भारतीय समुदाय के सदस्यों को उनकी असाधारण उपलब्धियों और योगदान के लिए सम्मानित करने के लिए एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोनों नेता न्यूजीलैंड में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने और प्रदर्शित करने के लिए इंडिया@75 डाक टिकट जारी करेंगे। विदेश मंत्री 'मोदी@20: ड्रीम्स मीट डिलीवरी' पुस्तक का विमोचन करेंगे। सिख समुदाय के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष बंधन 'हार्टफेल्ट - द लिगेसी ऑफ फेथ' को प्रदर्शित करने वाली एक पुस्तक भी जारी की जाएगी। विदेश मंत्री जयशंकर न्यूजीलैंड की विदेश मंत्री नानैया महूता के साथ ऑकलैंड में द्विपक्षीय बैठक करेंगे ताकि हमारे संबंधों के संपूर्ण पहलुओं पर चर्चा और समीक्षा की जा सके। वह समुदाय और स्वैच्छिक क्षेत्र, विविधता, समावेश और जातीय समुदायों की मंत्री प्रियंका राधाकृष्णन से भी मुलाकात करेंगे। प्रियंका न्यूजीलैंड में भारतीय मूल की पहली मंत्री हैं। जयशंकर इसके अलावा सांसदों, सदस्यों सहित कई मंत्रियों, व्यापारिक समुदाय के साथ-साथ भारतीय छात्रों सहित प्रवासी भारतीयों के साथ भी बातचीत करेंगे। वेलिंग्टन में वे भारतीय उच्चायोग के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे। ऑस्ट्रेलिया में, विदेश मंत्री कैनबरा और सिडनी का दौरा करेंगे। इस साल विदेश मंत्री की ऑस्ट्रेलिया की यह दूसरी यात्रा होगी, पहली यात्रा फरवरी 2022 में मेलबर्न में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए थी। विदेश मंत्री अपनी समकक्ष पेनी वोंग के साथ 13वीं विदेश मंत्रियों की रूपरेखा वार्ता (एफएमएफडी) आयोजित करेंगे। विदेश मंत्री ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस से भी मुलाकात करेंगे। वह सिडनी में लोवी इंस्टीट्यूट सहित ऑस्ट्रेलियाई नौसेना, मीडिया और थिंक टैंक के साथ भी बातचीत करेंगे।

## गांधी जयंती पर एक लाख से अधिक नल कनेक्शन देकर यूपी ने बनाया रिकार्ड

**लखनऊ/नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर योगी सरकार ने एक लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से स्वच्छ पेयजल का तोहफा दिया। अकेले यूपी ने इस दिन एक लाख सात हजार 774 गरीब परिवारों तक नल कनेक्शन देकर देश में इतिहास रचा। यह 20 दिन में दूसरा मौका है, जब यूपी ने फिर से यह उपलब्धि हासिल की। आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और राजस्थान जैसे कई राज्य दो अक्टूबर को 10 हजार का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाए। हालांकि गांधी जयंती के दिन देश में कुल एक लाख 34 हजार 968 नल कनेक्शन किए गए। उत्तर प्रदेश को नंबर एक बनाने में बुलंदशहर, शाहजहांपुर, मिजार्पुर, वाराणसी, गोरखपुर जैसे जिलों ने सर्वाधिक घरों तक नल कनेक्शन पहुंचाकर बड़ा योगदान दिया है। गांधी जयंती पर तमिलनाडु ने 10064, आंध्र प्रदेश ने 3121, महाराष्ट्र ने 2954, पश्चिम बंगाल ने 2159, राजस्थान ने 2027, छत्तीसगढ़ ने 1517, ओडिशा ने 1439, कर्नाटक ने 1422, मध्य प्रदेश ने 696, झारखंड ने 627 और उत्तराखंड ने 514 ग्रामीण परिवारों तक नल कनेक्शन देकर पानी की सप्लाई शुरू की। हिमाचल प्रदेश, बिहार, गुजरात, पंजाब, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और सिक्किम में गांधी जयंती के दिन एक भी नल कनेक्शन नहीं हुए। उत्तर प्रदेश में 20 दिन में दूसरी बार नंबर एक बनाए जाने वाले जिलों में बुलंदशहर शीर्ष पर रहा। यहां गांधी जयंती पर 7506 ग्रामीण परिवारों को नल से जल की सुविधा दी गई। शाहजहांपुर में 6418, मिजार्पुर में 6054, वाराणसी में 5047 और गोरखपुर में 4012 परिवारों को नल कनेक्शन देकर शुद्ध पेयजल पहुंचाया गया। इसके बाद बरेली में 3681, सीतापुर में 2857, देवरिया में 2516, मेरठ में 2356, हरदोई में 2158, गोंडा में 2488 और श्रावस्ती में 2023 नल कनेक्शन देकर यूपी को देश भर में दूसरी बार एक लाख से अधिक नल कनेक्शन सिर्फ एक दिन देकर नंबर एक पर पहुंचाया। उत्तर प्रदेश में अभी तक नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से 48 लाख 43 हजार 733 घरों तक नल कनेक्शन देकर शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा चुका है।



ओडिशा 46 लाख 51 हजार 759, केरल 30 लाख 57 हजार 249, राजस्थान 29 लाख 28 हजार 134, असम 25 लाख 622, अरुणाचल प्रदेश 15 लाख तीन हजार 09, झारखंड 14 लाख 39 हजार 77, उत्तराखंड नौ लाख 92 हजार 206, त्रिपुरा चार लाख दो हजार 413, मणिपुर तीन लाख 34 हजार 864, मेघालय में दो 57 हजार 794 घरों तक नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर भी नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने यूपी में एक लाख 20 हजार 821 कनेक्शन देकर देश में रिकॉर्ड स्थापित किया था। उत्तर प्रदेश ने गांधी जयंती पर प्रदेश में 75 हजार नल कनेक्शन दिये जाने का लक्ष्य रखा था। नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने युद्ध स्तर पर काम को पूरा करते हुए गांधी जयंती के दिन एक लाख सात हजार 774 गरीब परिवारों को नल से जल देने का काम पूरा किया है।

# ईरान से चीन जा रही फ्लाइट में बम की सूचना के बाद जयपुर एयरपोर्ट पर कड़े सुरक्षा प्रबंध



**जयपुर, (हि.स.)।** भारतीय वायुक्षेत्र से गुजर रही ईरान के तेहरान से चीन जा रही एक फ्लाइट में बम की सूचना के बाद जयपुर एयरपोर्ट पर एहतियात के तौर पर सोमवार सवेरे सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिए गए। एटीसी को सोमवार सुबह तेहरान से चीन जा रही एक अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट में बम की सूचना मिली थी। इसके बाद जयपुर एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसिया हाई अलर्ट पर आ गईं। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार सूचना मिलने के बाद जयपुर पुलिस के आला अधिकारी और जवान भी मौके पर पहुंचे। तेहरान की फ्लाइट के जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड होने की आशंका में हाई अलर्ट किया गया। सुरक्षा एजेंसियां और एयरपोर्ट प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया। एयरपोर्ट प्रशासन ने तेहरान से चीन जा रही अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट के जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग होने का अंदेशा लगाते हुए सुरक्षा की दृष्टि से प्रबंध कड़े कर दिए। एयरपोर्ट पर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को देखकर यात्रियों में भी दहशत का माहौल हो गया। देखते ही देखते फ्लाइट में बम होने की सूचना यात्रियों में फैल गई। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए एयरपोर्ट सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट पर चप्पे-चप्पे पर जवानों को तैनात कर दिया। एयरपोर्ट के बाहर और अंदर सुरक्षाकर्मियों का पहरा बढ़ा दिया गया। कुछ समय बाद फ्लाइट के जयपुर एयरपोर्ट नहीं आने की सूचना से जयपुर एयरपोर्ट प्रशासन ने राहत की सांस ली। फ्लाइट ईरान से चीन पहुंच चुकी है। फ्लाइट के जयपुर एयरपोर्ट लैंडिंग नहीं होने की जानकारी एयरपोर्ट पर दी गई। फ्लाइट के चीन पहुंचने के बाद सुरक्षा एजेंसियों और एयरपोर्ट प्रशासन ने राहत की सांस ली। एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक फ्लाइट में बम की सूचना के बाद भारतीय वायुसेना भी अलर्ट हो गई। वायुसेना ने पंजाब और जोधपुर एयरबेस से दो सुखोई विमान फ्लाइट के पीछे लगा दिए। एयरक्रॉफ्ट की ओर से दिल्ली एयरबेस में उतरने की अनुमति मांगी गई थी लेकिन अनुमति देने से इनकार कर दिया गया। इसके बाद दो सुखोई विमानों को इसके पीछे तैनात किया गया। बाद में विमान को चीन की ओर जाने की अनुमति दी गई। इस दौरान भारतीय वायुसेना ने हवाई अड्डों और विमानन इकाइयों को अलर्ट पर रखा।

हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख

प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार

सहयोगी संरक्षक

अनिल सेठी

नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक

संपादन सहयोगी - मोहित शुक्ला

सदस्य एवं रिपोर्टर

•राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
• वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
• अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
•मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
• अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
• अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
•श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
•नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
• ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
• ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
• फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
▪ पिंटू बनर्जी (पश्चिम बंगाल )

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।

समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।

S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092

संपर्क – 011-35631400

Customer Care No.

8375000672

ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹30,000/- |


Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-

Visiting Card Size Advertisements:

Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-

Inner Page Rs.3000/-

# 17 फरवरी, 2023 को आएगी अजय की फिल्म मैदान, नई डेट रिलीज




**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन इन दिनों सातवें आसमान पर हैं। हाल ही में हुए 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में फिल्म तान्हाजी के लिए अजय देवगन को बेस्ट अभिनेता का अवॉर्ड का मिला है। यह सर्वोच्च सम्मान पाने के बाद अजय ने अपनी आने वाली स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मैदान की नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। इससे पहले यह फिल्म 3 जून को पर्दे पर आने वाली थी। हालांकि अब यह नए डेट के साथ रिलीज होगी। अजय ने फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा कर लिखा, एक अज्ञात नायक सैयद अब्दुल रहीम की सच्ची कहानी का अनुभव करें, जिन्होंने भारत को गौरवान्वित किया है। मैदान 17 फरवरी, 2023 को रिलीज हो रही है। बता दें कि मैदान को अमित शर्मा ने डायरेक्ट किया है, जबकि बोनी कपूर फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। फिल्म की पटकथा साईविन क्वाद्रास और संवाद रितेश शाह ने लिखे हैं। बता दें कि फिल्म मैदान भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मैनेजर और कोच रहे सैयद अब्दुल रहीम की जिंदगी पर आधारित है। जिन्हें इंडियन फुटबॉल का पिता और आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। सैयद 1950 से 1963 तक भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मैनेजर रहे थे। उन्होंने भारतीय फुटबॉल का चेहरा बदल दिया था। फिल्म में अजय अब्दुल रहीम की भूमिका मे नजर आएंगे। अजय के साथ फिल्म में प्रियामणि, गजराज राव, बोमन ईरानी और रुद्रनील घोष भी अहम किरदारों में हैं।

# शाहिद और ईशान ने पायजामा पहनकर किया माइकल जैक्सन के गाने पर जबर्दस्त डांस



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड अभिनेता शाहिद कपूर जब अपने भाई ईशान खट्टर के साथ होते हैं, तो खूब मस्ती करते हैं। दोनों अपने फैंस का मनोरंजन करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। शाहिद और ईशान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक जैसा पोस्ट शेयर कर लिखा है, एमजे इन पीजे! वीडियो में, एक्टर्स को माइकल जैक्सन के स्मूथ क्रिमिनल गाने पर डांस करते देखा जा सकता है। दोनों भाई पायजामा पहने हुए कैमरे के सामने अजीब तरीके से डांस करते दिख रहे हैं। ईशान खट्टर ने मां नीलिमा अजीम के लिए पोस्ट पर कमेंट किया है, मॉम पीछे सबसे क्यूट दिख रही हैं। उन्होंने एक अन्य कमेंट में लिखा जमा जमा पायजामा। दोनों सितारों की पोस्ट पर कई अन्य लोगों ने कमेंट किया है, लेकिन जिस बात ने हमारा ध्यान खींचा वह कुणाल खेमू का कमेंट था। कुणाल की शाहिद और ईशान के साथ अच्छी दोस्ती है। वीडियो पर कमेंट करते हुए, कुणाल ने हंसते हुए इमोजी के साथ लिखा बहुत अच्छे लड़को, अगली बार मैं आपको मून वॉक करना सिखाऊंगा। पोस्ट पर एक्टर्स के कई फैंस ने भी कमेंट किए। उनमें से एक ने लिखा, हम सब इन भाइयों की जोड़ी को बड़े पर्दे पर देखने का इंतजार कर रहे हैं! कई अन्य लोगों ने हंसते हुए कमेंट किया। शाहिद कपूर और ईशान खट्टर अक्सर एक-साथ पोस्ट शेयर करते हैं। शाहिद ने हाल में अपने भाई ईशान और कुणाल खेमू समेत अन्य दोस्तों के साथ पार्टी करते हुए एक वीडियो शेयर किया था। शाहिद ने वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, पार्टी। शाहिद ने कुछ हफ्ते पहले अपने भाई ईशान के साथ एक फैमिली गैदरिंग का एक और वीडियो शेयर किया था। एक्टर प्यार मेरा दीवाना गाने पर डांस करते नजर आए थे। शाहिद ने वीडियो को शेयर करते हुए लिखा था हमें यह हमारी मां नीलिमा अजीम से मिला है। बता दें कि शाहिद कपूर, पंकज कपूर और नीलिमा अजीम के बेटे हैं।

# हर हर महादेव से अभिनेता शरद केलकर का पहला लुक सामने आया



**मुंबई (ईएमएस)।** अभिजीत देशपांडे द्वारा निर्देशित अपकमिंग फिल्म हर हर महादेव से अभिनेता शरद केलकर का पहला लुक सामने आ चुका है। मेकर्स ने शरद केलकर के मोशन पोस्टर से पर्दा उठा दिया है। बता दें कि फिल्म में शरद बाजीप्रभु देशपांडे की भूमिका में दिखाई देने वाले हैं। फिल्म के मोशन पोस्टर में शरद काफी शानदार लग रहे हैं। हर हर महादेव फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज की कहानी प्रेरणादायक है और उन्होंने हमेशा पीढ़ी को स्वराज्य का पाठ पढ़ाया है। पश्चिमी भारत में मराठा साम्राज्य के संस्थापक के रुप में वह आज भी अपने समय के सबसे महान योद्धाओं में से एक हैं। उदार बहादुरी, बलिदान, दोस्ती और अटूट धैर्य की एक ऐसी कहानी लाते हुए, हर हर महादेव में ये कहानी बताएगी कि कैसे छत्रपति शिवाजी महाराज ने युद्ध के नारे हर हर महादेव और मराठा साम्राज्य की नींव रखने के उनके जुनून के साथ सभी को एकजुट किया। फिल्म में कई लड़ाइयों के बाद मराठा साम्राज्य के गठन का ऐतिहास बताया जाएगा। यह फिल्म स्वराज्य की सुनहरी कहानी लेकर आ रही है जो मराठी लोगों के दिल में बसती है। हर हर महादेव 25 अक्टूबर 2022 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। ऐसा लगता है कि यह दिवाली बहुत बड़ी होने वाली है। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी।

# 'विक्रम वेधा' सुजैन खान की सबसे पसंदीदा फिल्म



बालीवुड एक्टर ऋतिक रोशन की पूर्व पत्नी सुजैन खान ने कहा है कि उनके पूर्व पति ऋतिक रोशन अभिनीत 'विक्रम वेधा' उनकी अब तक की सबसे पसंदीदा फिल्म है। सुजैन ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक पोस्टर साझा किया और लिखा, "रा रा रा रा रूम, यह मेरी अब तक की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक है! शानदार मनोरंजक और रोमांच से भरपूर। बधाई ऋतिक रोशन और सैफ अली खन और पूरी टीम।" सुजैन ने कहा है, "यह एक बहुत बड़ा ब्लॉकबस्टर होने जा रही है।" सुजैन ने भी सैफ अली खान की अभिनेत्री पत्नी करीना कपूर खान की तरह फिल्म को ब्लॉकबस्टर घोषित किया। 'विक्रम वेधा' पुष्कर-गायत्री द्वारा लिखित और निर्देशित एक एक्शन-थ्रिलर है। यह फिल्म पुष्कर और गायत्री द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार और एस। शशिकांत और रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है।'विक्रम वेधा' गुलशन कुमार, टी-सीरीज और रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा फ्राइडे फिल्मवक्स एंड जियो स्टूडियोज और एक वाईनॉट स्टूडियो प्रोडक्शन के सहयोग से प्रस्तुत किया गया है।

# ब्रह्मास्त्र ने हिंदी मूवी को लेकर बने निगेटिव माहौल को पॉजिटिव बनाया : अयान



**मुंबई (ईएमएस)।** अभिनेता रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की फिल्म ब्रह्मास्त्र पार्ट वन शिवा ने दुनियाभर में 400 करोड़ की कमाई की है। इतनी कमाई करने के बाद भी फिल्म को हिट का तमगा नहीं मिल रहा है। इस हिंदी फिल्म ने थियेटर में दर्शकों को लौटाने का काम किया है। साल 2015 में ब्रह्मास्त्र का प्रोडक्शन शुरू किया और साल 2017 से फिल्म की शूटिंग शुरू हुई। इंतना लंबा समय लगाने के बाद फिल्म को दर्शकों की तारीफ मिलना अयान मुखर्जी के लिए बेहद सकून पहुंचाने वाला है। डायरेक्टर ने कहा कि खुशी और राहत है, लेकिन मैं मानता हूं कि फ्यूचर पर थोड़ा और फोकस करूंगा। अयान का कहना है कि मैं थोड़ा हैरान भी हूं, कि एक जिम्मेदारी का एहसास हुआ है, कि मैं तुरंत कीकाम करना शुरू कर देता हूं। मेरे करीबी बता रहे हैं कि थोड़ा इससे दूर रखकर ब्रेक लेने की जरूरत है। जिससे एक बार फिर तरो-ताजा हो जाएं। लेकिन जिस ट्रायोलॉजी पर मैं बरसों से काम कर रहा हूं, अब वह सामने आ रही है तब एक्साइटमेंट तब है ही। ब्रह्मास्त्र रिलीज होने से पहले कई बड़े बजट की फिल्में जैसे लाल सिंह चड्ढा, शमशेरा बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गईं। लोगों ने कहना शुरू कर दिया था कि बॉलीवुड खत्म हो गया। कई ने अयान और फिल्म के अभिनेत्री आलिया, रणबीर कपूर से कहा कि इस समय में फिल्म रिलीज करना ठीक नहीं है। बायकॉट भी किया लेकिन अयान इस बात से खुश हैं कि फिल्म की सफलता ने हिंदी फिल्मों को लेकर बने निगेटिव माहौल को पॉजिटिव बनाया है। कई लोग फिल्म को लेकर बहुत अच्छी बातें भी रहे हैं।

# 'दशहरा' का जोरदार डांस मूव्स वाला सॉन्ग जारी होगा

## -दोस्तों के साथ नानी के अद्भुत नृत्य को दर्शाता है यह गाना

**हैदराबाद (ईएमएस)।** पैन इंडिया फिल्म 'दशहरा' का जोरदार डांस मूव्स वाला मैसी स्ट्रीट सॉन्ग रिलीज किया जाएगा। गाने का एक पोस्टर आउट हो गया है और नानी का कच्चा और देहाती अंदाज कल्पना से परे है।

संतोष नारायण द्वारा बनाया गया गीत 'धूम धाम दोसथान' कोयला खदानों में अपने दोस्तों के साथ नानी के अद्भुत नृत्य को दशार्ता है। उनके लुक से उनके किरदार की कठोरता साफ झलकता है। गंदे बाल, जर्जर दाढ़ी और लुंगी और बिना बटन वाली शर्ट और अंदर बनियान पहने नानी एक मिलियन डॉलर की मुस्कान बिखेरती हैं।


श्रीकांत ओडेला, श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर सिनेमाज के बैनर तले सुधाकर चेरुकुरी द्वारा बड़े पैमाने पर बनाई जा रही फिल्म के साथ निर्देशक के रूप में शुरूआत कर रहे हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री कीर्ति सुरेश फिल्म में नानी की प्रेमिका की भूमिका निभा रही हैं। नवीन नूली संपादक हैं और अविनाश कोल्ला फिल्म के प्रोडक्शन डिजाइनर हैं, और विजय चगंती कार्यकारी निमार्ता हैं। फिल्म दशहरा अगले साल 30 मार्च को तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी भाषाओं में रिलीज होगी। समुथिरकानी, साई कुमार और जरीना वहाब फिल्म के महत्वपूर्ण कलाकार हैं जिनका संगीत संतोष नारायणन द्वारा दिया जाएगा, साथ ही साथ सत्यन सूर्यन आईएससी सिनेमैटोग्राफी संभालेंगे।

# परिणीति ने सीखा इजरायली मार्शल आर्ट




बालीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने तीन महीने तक इजरायली मार्शल आर्ट फॉर्म क्राव मागा सीखना पड़ा। परिणीति ने फिल्म 'कोड नेम तिरंगा' में एक कुलीन एजेंट के रूप में अपनी भूमिका निभाई। इजराइल रक्षा बलों के लिए विकसित, क्राव मागा एकिडो, जूडो, कराटे, और मुक्केबाजी और कुश्ती में उपयोग की जाने वाली तकनीकों के संयोजन से लिया गया है। परिणीति कहती हैं, "एक एजेंट की प्रमुख एक्शन तकनीकों में से एक हाथ से हाथ मिलाना है, इसलिए मैंने अपने एक्शन दश्यों को ठीक करने के लिए कुल 3 महीने तक मार्शल आर्ट का एक रूप क्राव मागा सीखा।" वह आगे कहती हैं, "मेरे ज्यादातर फाइट सीक्वेंस उन पुरुषों के खिलाफ थे जो मुझसे बहुत लंबे थे जैसे स्टंट मैन और सह-अभिनेता शरद केलकर और कभी-कभी फाइट सीक्वेंस के लिए उन्हें अपने पूरे शरीर के वजन के साथ लड़ना पड़ता था।"

# भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं प्रभास




आगामी फिल्म 'आदिपुरुष' का टीजर पोस्टर में अभिनेता बहुत ही आकर्षक लग रहे हैं और अपने धनुष को आकाश की ओर लक्षित करते दिखाई दे रहे हैं। फिल्म स्टार प्रभास ने अपनी आगामी फिल्म 'आदिपुरुष' का टीजर पोस्टर साझा किया है, जिसमें वह भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं और काफी अच्छे दिख रहे हैं। प्रभास ने इंस्टाग्राम पर टीजर पोस्टर साझा किया। उन्होंने कैप्शन के रूप में लिखा, "यूपी के अयोध्या में सरयू नदी तट पर एक जादुई यात्रा शुरू करते हुए हमसे जुड़ें। आदिपुरुष का आयोध्या में 2 अक्टूबर को शाम 7:11 बजे हमारे साथ हमारी फिल्म का पहला पोस्टर और टीजर जारी होगा!" इसके साथ ही प्रभास ने कहा कि फिल्म 12 जनवरी, 2023 को रिलीज होगी। बता दें इस फिल्म में मुख्य किरदारों में प्रभास के अलावा सैफ अली खान, सनी सिंह और कृति सेनन भी हैं।

# सलमान ने दी सागर पांडे को भावभीनी श्रद्धांजलि



बालीवुड स्टार सलमान खान के बॉडी डबल सागर पांडे का निधन हो गया। सलमान खान ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शुक्रवार को कार्डियक अरेस्ट से पीड़ित होने के बाद उनका निधन हो गया। सलमान ने कबीर खान द्वारा निर्देशित 2015 की फिल्म 'बजरंगी भाईजान' के सेट से एक पुरानी तस्वीर साझा की। तस्वीर में वह पांडे के साथ "आरआईपी" लिखे हुए पोज देते नजर आ रहे हैं। तस्वीर के साथ, सलमान ने पांडे के साथ रहने के लिए धन्यवाद नोट लिखा। उन्होंने लिखा, "मेरे साथ रहने के लिए दिल से शुकर अदा कर रहा हूं। आपकी आत्मा को शांति मिले भाई सागर। धन्यवाद हैशटैग-आरआईपी हैशटैग-सागरपांडे।" अभिनय के मोर्चे पर, सलमान 'टाइगर' की तीसरी किस्त में दिखाई देंगे। वह 'किसी का भाई किसी की जान' में भी नजर आएंगे। बता दें कि पांडे 50 अन्य फिल्मों में 'बजरंगी भाईजान' जैसी फिल्मों में अभिनेता के लिए एक बॉडी डबल थे।

# 'तेहरान' में जॉन के साथ नजर आएगी मानुषी




अभिनेत्री मानुषी छिल्लर को सच्ची घटनाओं से प्रेरित फिल्म 'तेहरान' के लिए जॉन अब्राहम के साथ साइन किया गया है। यह प्रोजेक्ट एक्ट्रेस के लिए एक बेहतरीन लर्निंग एक्सपीरियंस साबित हो रहा है। परियोजना पर अपने अब तक के अनुभव के बारे में बात करते हुए, मानुषी ने कहा, "'तेहरान' मेरे लिए सीखने का एक रोमांचक अनुभव रहा है। मुझे पसंद है कि मुझे एक अभिनेता के रूप में खुद को दिखाने के लिए कितना अलग तरीका मिलता है।"वह एक उभरती हुई अभिनेत्री के रूप में अपनी यात्रा के हर पल को जी रही हैं, और आगे कहती हैं, "चूंकि सिनेमा में मेरा करियर अभी शुरू हुआ है, हर दिन सेट पर मेरा पहला दिन लगता है। इसमें अवशोषित करने और मानसिक नोट्स लेने के लिए बहुत कुछ है।"वह इस बात से खुश हैं कि उन्हें अलग-अलग तरह की फिल्मों में काम करने का मौका मिला। उन्होंने कहा, "एक ऐतिहासिक (सम्राट पृथ्वीराज) और अब इस के साथ, मुझे दो अलग-अलग शैलियों का स्वाद चखने को मिला है। आगे देखने के लिए और भी बहुत कुछ है।" बेक माई केक फिल्म्स के सहयोग से एक मैडॉक फिल्म्स प्रोडक्शन, 'तेहरान' अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित है, जिसे रितेश शाह और आशीष प्रकाश वर्मा ने लिखा है, जिसे दिनेश विजान, शोभना यादव और संदीप लेजेल द्वारा निर्मित किया गया है।

## सूडोकु नवताल- 6212

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6211 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## शब्दजाल - 6959

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | म | र | यु | दा | प | र | तू | ग | झ | दो |
| ज | अ | ल | प | मु | रिं | शो | ना | दि | शा | आं |
| अं | इ | नु | म | ल | दा | ल | ध | र | ला | खें |
| ती | कु | दा | रा | धा | ब | क | प | रि | श | बा |
| स | ति | श | न | धा | क | ब | री | ग | वी | र |
| री | रं | ल | प | व | लि | र्त | ऐ | ती | प | ह |
| क | गा | ल | श | गा | प | म | क्रां | कौ | या | हा |
| स | बा | अ | र्जा | त | क | छ | प्प | ग | श | थ |
| म | स | मि | तें | व | न | ज | मृ | शा | जू | द |
| द | र | ल | श | ह | र | औ | र | स | प | ना |
| थो | ड़ | सा | रु | बा | घ | ब | हा | दु | र | क |

*शब्द जाल में नेशनल अवार्ड विजेता 10 हिंदी फिल्मों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीच एवं तिरछे भी हैं.*

मिर्जा गालिब, दो आंखें बारह हाथ, अनुराधा, शहर और सपना, तीसरी कसम, मृगया, शोध, दामुल, बाघ बहादुर, समर.

### शब्दजाल - 6958 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | म | स | म | न | च | ली | क | म | ल | म |
| म | वा | ब | लि | दा | न | म | मौ | स | ल | न |
| र्या | ह | म | र | ते | द | म | त | क | य | की |
| दा | ब | बं | र | दे | म | ब | द | ल | श | आं |
| म | इ | म | म | सं | व | क | श | र | मं | खें |
| हा | म | म | ई | म | र | क | स | ना | जि | ज |
| रा | बं | द | श | र्द | क | मं | र | द | ल | ब |
| म | र | ब | र | व | ज | सी | ग | न | प | न |
| क | म | ल | ज | इं | बा | री | ऐ | ल | प | र |
| क | शा | ल | म | बू | डि | स | म | ब | पां | जा |
| का | ल | बं | ध | न | क | या | म | ग | प | डे |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5912

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 3 | | 4 | | 5 |
| 1 | 22 | 7 | 34 | 6 | 43 | |
| | 4 | | 5 | | 6 | |
| | 30 | 5 | 26 | 1 | 30 | 2 |
| 6 | 5 | 2 | | 7 | | 1 |
| | 36 | | 36 | 3 | 29 | 4 |
| | 1 | | 6 | | 2 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 5911 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 |
| 6 | 35 | 5 | 31 | 2 | 27 | 1 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 33 | 6 | 32 | 4 | 31 | 2 |
| 2 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 4 | 33 | 3 | 30 | 6 | 35 | 6 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी
Customer Care No:- 8375000672, For News & Advertisement- 8375000984, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in